# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 4 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 5 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 179, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ प्राण त्याग कर दे गए राष्ट्र भक्ति का संदेश

डेमी मूर ने खोया बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ◀◀ 6


# मियां-तियां और पाकिस्तानी कहना खराब, अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी को आरोप मुक्त करने से मना कर दिया था**

एजेंसी



**नई दिल्ली/रांची :** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति को मियां-तियां और पाकिस्तानी कहना निश्चित रूप से खराब है, लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में आरोपी व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप से मुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचान वाले कानून के अंतर्गत अपराध नहीं माना जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ झारखंड हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया जिसमें उच्च न्यायालय ने आरोपी को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था।

यह मामला एक एफआईआर से जुड़ा है जो एक उर्दू अनुवादक और चास अनुमंडल कार्यालय के कार्यवाहक लिपिक (सूचना का अधिकार) द्वारा दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह एक आरटीआई आवेदन के संबंध में जानकारी देने के लिए गए, तो आरोपी ने उनके धर्म का उल्लेख करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें मियां-तियां और पाकिस्तानी जैसे शब्दों से संबोधित किया।

झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी को आरोप मुक्त करने से मना कर दिया था, जिसका अर्थ है कि उच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इसे अपराध माना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के इस दृष्टिकोण से असहमति जताई।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा, निःसंदेह, दिए गए बयान खराब तरीके के हैं। हालांकि, यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान नहीं है। अदालत ने इसके बाद अपीलकर्ता को धारा 298 के तहत आरोपों से मुक्त कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से संबंधित कानूनों की व्याख्या के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल कायम करता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अनुचित और अपमानजनक भाषा का उपयोग करना नैतिक रूप से गलत हो सकता है, लेकिन हर खराब बयान को कानूनी रूप से अपराध नहीं माना जा सकता, खासकर जब तक कि यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से न किया गया हो।

## हत्या मामले में सजा काट रहे कैदी ने पलामू सेंट्रल जेल में की आत्महत्या




**पलामू :** मेदिनीनगर केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा 34 वर्षीय एक कैदी मंगलवार की सुबह मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शबीर अंसारी नामक कैदी का शव उसकी बैरक से सटे बाथरूम में मिला। जेलर आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। जेलर ने कहा, जांच शुरू कर दी गई है। अंसारी गढ़वा जिले के रमना का निवासी था और 2023 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

**संतोष देशमुख हत्याकांड**

## महाराष्ट्र सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे ने पद से दिया इस्तीफा, करीबी पर लगे थे आरोप

एजेंसी



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि मुंडे का इस्तीफा उनके निजी कार्यालय में ढअ प्रशांत जोशी द्वारा सौंपा गया। फडणवीस ने कहा, मुंडे ने मुझे अपना इस्तीफा भेजा है, जिसे हमने राज्यपाल को अग्रेषित कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में आरोपी बनाया गया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार रात फडणवीस से मुलाकात की और देशमुख हत्याकांड तथा दो अन्य संबंधित मामलों में दायर सीआईडी ??की चार्जशीट के नतीजों पर चर्चा की, जिसमें कराड को आरोपी नंबर एक बनाया गया है।

जानकारी दें कि बीड के मास-ाजोग गांव के सरपंच देशमुख को पिछले साल 9 दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली की कोशिश को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

इस घटना के बाद राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 फरवरी को देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों में बीड जिले की एक अदालत में 1,200 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया।

**किसानों के धरने से पहले पंजाब पुलिस का बड़ा एक्शन**

## कई किसान नेता हिरासत में लिये गये, कल सीएम मान से हुई थी बहस



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार ने 5 मार्च को प्रस्तावित किसानों के धरने से पहले किसान नेताओं पर बड़ा एक्शन लिया है। जानकारी के मुताबिक, संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से 5 मार्च को चंडीगढ़ में होने वाले धरना प्रदर्शन से पहले कई किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने पंजाब के विभिन्न किसान संगठन के नेताओं के घरों पर छापेमारी की है। किसान नेताओं को हिरासत में लिए जाने पर लोगों ने कई जगहों पर पुलिस का विरोध किया है।

बता दें कि सोमवार को मुख्यमंत्री मान और संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं के बीच हुई बैठक बेनतीजा रही थी। बैठक के बेनतीजा रहने के बाद किसानों ने 5 मार्च को चंडीगढ़ में धरना, विरोध प्रदर्शन और मार्च करने का ऐलान किया था। इससे पहले कि किसान चंडीगढ़ कूच कर पाते, पुलिस ने राज्य में कई जगहों पर छापेमारी की और किसानों को हिरासत में ले लिया। बता दें बैठक के दौरान किसान नेताओं और मुख्यमंत्री मान के बीच काफी बहस हुई थी। किसान नेताओं ने दावा किया था कि नाराज मुख्यमंत्री भगवंत मान बिना किसी उकसावे के बैठक से चले गए।

हालांकि बैठक के बाद भगवंत मान ने कहा था कि किसानों से बातचीत के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं, लेकिन आंदोलन के नाम पर जनता के लिए असुविधा और परेशानी खड़ी करने से बचा जाना चाहिए। मान ने कहा कि सरकार समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित मुद्दों को बातचीत के माध्यम से हल करने के लिए हमेशा तैयार है तथा रेल या सड़क अवरोधों के माध्यम से आम आदमी के लिए परेशानी खड़ी करने से बचा जाना चाहिए। मान ने यह भी कहा कि हालांकि विरोध प्रदर्शन किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें यह भी सोचना चाहिए कि इससे पंजाब को कितना बड़ा नुकसान हो सकता है।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में दुकानों और घरों में लगी भीषण आग

एजेंसी

**शोपियां :** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में घरों और दुकानों में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि शोपियां के टाक मोहल्ला में स्थित कई घरों और दुकानों में भीषण आग लगी है। आग इतनी भीषण है कि दर्जनों घर, दुकानें और कॉम्प्लेक्स जलकर खाक हो गए हैं। पता चला है कि दुकानों और घरों में आग अभी भी लगी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई है। दमकल और पुलिस की टीमें भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है और आग को बुझाने का प्रयास जारी है।

इससे पहले 25 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर में सब डिवीजन में स्थित उप जिला अस्पताल के एक पुराने कॉम्प्लेक्स में आग लग गई थी। जिसमें दो कमरे पूरी तरह से जलकर खाक हो गए थे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

**बड़ा हादसा टला : दो भागों में बंटी नंदन कानन एक्सप्रेस**

## इंजन सहित छह कोच 200 मीटर आगे पहुंचे, मची अफरा-तफरी

एजेंसी



**चंदौली :** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में स्थित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आनंद विहार से ओडिशा के पुरी जा रही 12876 नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच एस4 बोगी की कपलिंग टूट गई, जिससे ट्रेन के कोच अलग-अलग हो गए। इंजन सहित छह कोच 200 मीटर आगे पहुंच गए और बाकी पीछे ही रह गए। इसके बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। वे घबराए हुए थे और समझ नहीं पा रहे थे कि क्या हो रहा है। ट्रेन के अंदर यात्री असमंजस की स्थिति में थे, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची। घटना के समय ट्रेन पहले से ही तीन घंटे से अधिक देरी से चल रही थी।

घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कपलिंग टूटने वाली एस4 बोगी को ट्रेन से अलग किया गया और उसमें सवार यात्रियों को दूसरी बोगी में शिफ्ट किया गया। करीब डेढ़ से दो घंटे की देरी के बाद दोनों हिस्सों को जोड़कर रात 1 बजे के आसपास ट्रेन को फिर से रवाना किया गया। यात्रियों ने इस घटना पर गुस्सा जताया और रेलवे को इसका जिम्मेदार ठहराया। एक यात्री ने कहा कि यदि ट्रेन की गति अधिक होती, तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था। उसने भारतीय रेलवे से अपील की कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए ताकि भविष्य में ऐसी कोई दुर्घटना न हो।

डीडीयू जंक्शन के स्टेशन मैनेजर, एस.के. सिंह ने बताया कि ट्रेन को प्लेटफार्म संख्या 2 से रवाना किया गया था, लेकिन छह किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद ही यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि दोनों हिस्सों को एक साथ लाकर ट्रेन की मरम्मत की गई और फिर पूरी ट्रेन को फिर से सही सलामत रवाना किया गया। एक यात्री ने बताया, ह्लमैं ट्रेन नंबर 12816 में आनंद विहार से मेदिनीपुर जा रहा था। हमारी सीट एस5 में थी, जब अचानक एस4 और एस5 के बीच कपलिंग टूट गई। गति धीमी होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। अगर ट्रेन तेज चलती, तो स्थिति अलग होती। मैं रेलवे से अपील करता हूं कि इसे गंभीरता से लेकर सुधार करें।

## नौ महीने के सबसे खराब लेवल पर शेयर बाजार 3 मिनट में ही डूब गए निवेशकों के 1.33 लाख करोड़

- ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ हाइक के जवाब में, कनाडा मंगलवार से 30 बिलियन कनाडाई डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा
- चॉइस ब्रोकिंग के मंदार भोजाने ने कहा, 22,000 से नीचे का ब्रेकडाउन 21,800 की ओर बिक्री दबाव को बढ़ा सकता है, जबकि 22,500 से ऊपर की रिकवरी राहत रैली को ट्रिगर कर सकती है

एजेंसी



**नई दिल्ली :** मार्च के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट जारी है। शेयर बाजार खुलते ही पहले तीन मिनटों में सेंसेक्स में 450 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज करते हुए 9 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया। 3 मिनट में ही निवेशकों के 1.33 लाख करोड़ रुपये डूब गए।सुबह करीब 9.30 बजे, सेंसेक्स 363.22 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,722.72 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 125.80 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,993.50 पर कारोबार कर रहा था। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फैलाई गई अनिश्चितता वैश्विक व्यापार में बढ़ रही है। उन्होंने कहा, कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ और चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ (अब एडिशनल 10 प्रतिशत लगाया गया है) की धमकियां एक्शन में बदल रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए इन टैरिफ का जवाब अभी तक नहीं पता चल पाया है। निश्चित रूप से प्रतिक्रिया होगी। ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ हाइक के जवाब में, कनाडा मंगलवार से 30 बिलियन कनाडाई डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। यह आने वाले 21 दिनों में 125 बिलियन कनाडाई डॉलर के एडिशनल अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाएगा।

इस बीच, निफ्टी बैंक 91.80 अंक या 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,022.50 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 883.50 अंक या 1.84 प्रतिशत की गिरावट के बाद 47,100.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 251.50 अंक या 1.72 प्रतिशत की गिरावट के बाद 14,409.35 पर था।

बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, निफ्टी को 22,000 पर तत्काल समर्थन मिला है, इससे पहले 21,850 और 21,600 स्तर पर समर्थन है, जबकि प्रतिरोध 22,500 और इसके बाद 22,600 और 22,800 स्तर पर है। चॉइस ब्रोकिंग के मंदार भोजाने ने कहा, 22,000 से नीचे का ब्रेकडाउन 21,800 की ओर बिक्री दबाव को बढ़ा सकता है, जबकि 22,500 से ऊपर की रिकवरी राहत रैली को ट्रिगर कर सकती है। सूचकांक अभी भी मंदी के दौर में है और ट्रेंड रिवर्सल के लिए निर्णायक ब्रेकआउट की जरूरत है।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025**

## पहला सेमीफाइनल आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच, दुबई में मुकाबला




एजेंसी

**दुबई :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा। मुकाबला दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। यहां दोनों टीमें पहली बार एक दूसरे का सामना करेंगी।

आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट में दोनों टीमें 9वीं बार भिड़ेंगी। इससे पहले हुई भिड़ंत में दोनों को 4-4 जीत मिली। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में दोनों का आखिरी सामना हुआ था, तब ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत के पास उस हार का हिसाब बराबर करने का मौका है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 151 वनडे खेले गए। 57 में भारत और 84 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। वहीं 10 मैच कोई नतीजा नहीं निकला। दुबई में दोनों टीमें पहली बार ही भिड़ रही हैं। भारत ने टूर्नामेंट में अपने तीनों मैच इसी मैदान पर खेले, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने तीनों मैच पाकिस्तान में खेले।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र के पास लंबित बकाए राशि की वसूली के लिए होगी कानूनी कार्रवाई : राधाकृष्ण



**रांची :** झारखंड सरकार केंद्र के पास लंबित अपने "1.36 लाख करोड़ रुपये" के बकाए की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को विधानसभा को यह जानकारी दी।

किशोर ने सदन में 1.45 लाख करोड़ रुपये का राज्य बजट पेश करते हुए यह बात कही। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान आबकारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने हालांकि कहा कि वास्तविक बकाया राशि का मूल्यांकन करने के लिए केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त समिति बनाई गई है। राज्य सरकार कई वर्षों से दावा कर रही है कि कोल इंडिया लिमिटेड जैसी संस्थाओं द्वारा खनन किए गए कोयले के बदले केंद्र पर राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया है। प्रसाद ने विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, "इस साल एक मार्च को केंद्र और राज्य की एक संयुक्त समिति बनाई गई है। समिति राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपये के कोयला बकाया के दावे का आकलन करेगा और हर मद में बकाया राशि की पुष्टि करेगा। हम समिति की रिपोर्ट के अनुसार राशि वसूल करेंगे।"

किशोर ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में लगभग 10-15 दिन पहले केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात की थी। झारखंड सरकार ने दिसंबर 2024 में केंद्र से "1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया" वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में मुजरिम को उम्रकैद

**धनबाद:** नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। अदालत ने मामले के नामजद आरोपी सिजुआ निवासी राहुल रजवार को उम्रकैद व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनायी है। अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने सजा की बिंदु पर बहस की। एक मार्च को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। प्राथमिकी जोगता थाने में पीड़िता की मां की शिकायत पर 16 जून 2024 को दर्ज की गयी थी। इसके मुताबिक 15 जून, 2024 की शाम करीब छह बजे पीड़िता की मां पानी लाने के लिए बाहर गयी थी। वह वापस आयी, तो देखी कि उसकी 12 वर्ष की बच्ची घर में नहीं है। रात करीब आठ बजे पीड़िता घर में जख्मी हालत में वापस आयी। उसने बताया कि राहुल उसे बाइक से घुमाने का बहाना बनाकर बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान जंगल में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

### सीएसआइआर की प्रयोगशाला और अनुसंधानों से परिचित हुए छात्र



**धनबाद:** सीआइएमएफआर परिसर से सीएसआइआर के विज्ञान रथ को रवाना किया गया। यह रथ रविवार को धनबाद पहुंचा था। विज्ञान रथ धनबाद के कई शिक्षण संस्थानों का भ्रमण करेगा। रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए सीआइएमएफआर के निदेशक प्रो अरविंद मिश्रा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विकसित भारत 2047 की दृष्टि के अनुरूप विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देना है। विज्ञान रथ ने सबसे पहले एसएसएसएलएनटी महिला कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय-2 और धनबाद पॉलिटेक्निक का दौरा किया। इस दौरान सीएसआइआर, सीआइएमएफआर धनबाद और आइएमएमटी भुवनेश्वर की उपलब्धियों को वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

वैज्ञानिकों ने 38 प्रयोगशालाओं को दी जानकारी :

वैज्ञानिकों ने सीएसआइआर की 38 प्रयोगशालाओं और उनके अनुसंधानों के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय उत्पादों जैसे अमिट स्याही, अमूल पाउडर दूध, को-वैक्सीन आदि की जानकारी दी गयी। मौके पर डॉ रामानुज नारायण, दिलीप कुंभकार, डॉ मनोज कुमार, बिभुदत्त प्रधान, डॉ जेके सिंह और जी सुरेश सहित कई वैज्ञानिक उपस्थित थे। अंत में प्रश्नकाल सत्र हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ शर्मिला रानी ने छात्रों को विज्ञान अनुसंधान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो विमल मिंज, डॉ सुमिता तिवारी, शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

### बजट निराशाजनक- विधायक मंजु कुमारी

गिरिडीह : जमुआ विधायक मंजु कुमारी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में केवल झूठी घोषणाएं की गई हैं। पिछला अनुपूरक बजट भी जनता के लिए बेअसर साबित हुआ था और सरकार की कोई योजना जमीन पर उतरती नहीं दिखी। इस साल के बजट में बजट में किसी को कुछ भी मिलता नजर नहीं आ रहा । न तो गरीबों को राहत मिली, न ही मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है। बेरोजगारी भत्ते और रोजगार से जुड़ी किसी भी ठोस योजना का इसमें जिक्र तक नहीं है। सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ ठगा है। बजट से किसी को कोई फायदा होने वाला नहीं है।

### खलिहान में लगी आग, बिचाली जल कर राख

गिरिडीह : बेंगाबाद प्रखंड के दिघरिया खुर्द गांव निवासी टूपलाल गोप के खलिहान में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई। पीड़ित किसान ने टूपलाल गोप ने बताया कि अग से खलिहान में रखा करीब तीस हजार रुपए का बिचाली जलकर राख हो गया। दोपहर करीब 1:30 बजे खलिहान में आग की लपटें व धुआं देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना टूपलाल को दी। इसके बाद टूपलाल सहित आसपास के लोग खलिहान के पास पहुंचे, तबतक करीब 90 प्रतिशत बिचाली जल चुका था। ग्रामीणों के सहयोग से बगल के कुएं में लगे मोटर को चालू कर पानी लाकर आग पर काबू पाया गया।

टुपलाल गोप ने बताया कि वह किसान है। बिचाली जल जाने से मवेशियों को पालने में दिक्कत होगी। उसने बेंगाबाद अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# हमने एक संतुलित बजट पेश किया: सीएम

मेट्रो रेज संवाददाता

रांची: झारखंड विधानसभा में आज बजट पारित होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि जनता पर बिना किसी तरह का आर्थिक बोझ दिये हमने एक संतुलित बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है।

यह सबको जोड़ने वाला बजट है: सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने पिछली सरकार में विकास की गति को बनाए रखा और हमारा खर्च भी आगे बढ़ा है, लेकिन किसी तरह का बोझ किसी नागरिक पर नहीं डाला गया। सीएम ने कहा कि ये सबको जोड़ने वाला बजट है और जो इससे छूटेंगे उनको या उस क्षेत्र का आने वाले समय में जोड़ेंगे।



झारखंड एक पिछड़ा राज्य होते हुए भी अपनी वित्तीय व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान कर रहा है। सोरेन ने आगे कहा, मैंने किसी अखबार में पढ़ा है कि अपनी वित्तीय व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में हमारा राज्य देश में चौथे स्थान पर है।

बता दें कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 का 1,45, 000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है।

बजट पेश के दौरान वित्त मंत्री ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया।

झारखंड बजट 2025 में हुए ये 10 बड़े ऐलान

1। झारखंड में शिक्षा के लिए एलान

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े ऐलान किए हैं। प्रदेश में शिक्षा में इनोवेशन हब बनेगा। जमशेदपुर, गुमला तथा साहिबगंज में नए विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। राजधानी रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की स्थापना का प्रस्ताव।

### चोरों ने शॉर्ट-सर्किट कर काटी बिजली, फिर 3 घरों में की चोरी

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के तीन घरों में चोरों ने रविवार की रात चोरी कर ली। चोरों ने पहले बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट कर दिया, जिससे इलाके की बिजली कट गई। इसके बाद अंधेरे का लाभ उठाते हुए बरवाडीह और घंघरीकुरा के तीन अलग-अलग घरों से बर्तन सहित लाखों रुपए के सामान ले भागे। चोरों ने कांग्रेस प्रसाद यादव व मनोहर यादव के घर में हाथ साफ किया। कांग्रेस प्रसाद यादव ने बताया कि हमलोग बारात गए हुए थे। जब वापस लौटे तो घटना की जानकारी हुई।

वहीं, बरवाडीह निवासी छोटू पंडित ने बताया कि लाइट कटी हुई थी। इसी बीच चोर उनके घर में घुसे और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घर के सभी लोग दूसरे घर में सोए थे।

## लोवादाग पंचायत भवन में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरी :** झालसा के निर्देश में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची मार्गदर्शन में सिल्ली प्रखंड के लोवादाग पंचायत भवन में 90 डेज जागरूकता कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार माहतो, बंशीधर महतो, बंशीधर घटवार, सुनील कुमार माहतो, बबलू कुमार महतो, पंकज कुमार माहतो, राजकुमार माहतो एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने की जानकारी दी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया गया। श्री सिन्हा ने मोटरवैहिकल एक्ट, बाल विवाह कानून एवं दहेज प्रथा



कानून के बारे में फोकस किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। नशा से घर और परिवार दोनों नष्ट होता है। डिपुटी चीफ ने कन्या भ्रूण हत्या तथा इससे संबंधित कानून के बारे में भी अपने विचार रखें। इसके अलावा उन्होंने ने बाल विवाह कानून-2006, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार, नालसा, झालसा और डालसा क्या है ? इस पर चर्चा किये। राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को आयोजित होनेवाले आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## सरकार का बजट दिशाहीन: चंपई सोरेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को राज्य सरकार द्वारा पेश बजट को दिशाहीन करार दिया और कहा कि इसमें आदिवासियों, किसानों, मजदूरों और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है।

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जबकि 2024-25 में यह 1.28 लाख करोड़ रुपये का था। चंपई सोरेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह एक दिशाहीन बजट है, जिसमें राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों, मजदूरों एवं युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। कहने को तो इसमें कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से हर बार वही कहानी कही जाती है, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकलता है।

उन्होंने कहा, कागज पर बड़ी-बड़ी योजनाएं घोषित कर रही इस सरकार को कोई याद दिलाये कि उन योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनकी ही जिम्मेदारी है। पिछले



बजटों की कितनी योजनाएं पूरी हुईं? पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि अबुआ बजट के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, जब राज्य में ग्रीन कार्ड के लाभुकों को राशन और वृद्ध/ दिव्यांग/ विधवा लोगों को कई महीनों से पेंशन तक नहीं मिलती हो, तो क्या उम्मीद रखें?

उन्होंने दावा किया, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा एवं रोजगार के क्षेत्र में सिर्फ हवा-हवाई घोषणाएं हो रही हैं। पेयजल की दर्जनों योजनाएं अधूरी हैं, जबकि लोग डोभे से पानी लेने को मजबूर हैं। अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, खाट पर जा रहे मरीजों और अस्पतालों में अव्यवस्था की तस्वीरें आम हैं।चंपई सोरेन ने कहा, कुल मिला कर, यह बजट नहीं, एक ढोल है, जो ऊपर से तो बहुत बड़ा दिख रहा है, लेकिन अंदर से खोखला है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि बजट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है तथा यह बजट दूरदर्शी है और आम आदमी के हित को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

### दो बाइक की टक्कर में तीन छात्र गंभीर रूप से घायल

**मुरी:** मुरी गोला मुख्य मार्ग पर भिखारी चौक के समीप सोमवार दोपहर में दो बाइक की आपस में टक्कर होने से चार युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार आरटीसी स्कूल सिंगपुर मुरी के तीन छात्र लोदमु निवासी भानु महतो, लोसेरा निवासी उदीत महतो,लोसेरा निवासी प्रताप कुमार महतो बोर्ड एग्जाम देकर एक ही बाइक पर तीनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान वीपरीत दिशा से आ रही बाइक के साथ जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे तीनों छात्रों समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रशासन द्वारा चारों घायलों को इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

## एसीबी ने 10,000 घूस लेते हुए पंचायत मुखिया को दबोचा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के पोपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को सरकारी योजना के एक लाभार्थी से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

पीएम आवास का लाभ दिलाने के लिए मांगी थी रिश्वत: एसीबी के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बिनोद कुमार ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि कार्तिक महतो ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत लाभार्थी के आवेदन की जियो टैगिंग प्रक्रिया के लिए शुरूआत में 20 हजार रुपये की मांग की थी। जब मुखिया द्वारा रिश्वत के बिना आगे काम बढ़ाने



के बार-बार अनुरोधों को नजरअंदाज किया गया तो लाभार्थी ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने सत्यापन किया और लाभार्थी से रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये की पेशकश की।

मुखिया को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा: एसीबी के सहायक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूर्व नियोजित कार्रवाई के अनुसार, जब लाभार्थी ने 10,000 रुपये पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को सौंपे, तो एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पंचायत प्रमुख को धनबाद लाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

## झारखंड बजट गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन: रघुवर दास

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार के बजट को गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट बताया है। दास ने कहा है कि बजट किसी राज्य का सिर्फ लेखा जोखा नहीं होता है, बल्कि वो राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देनेवाला होता है। हेमंत सोरेन सरकार अब दिन में सपने देख रही है। अबुआ बजट में अबुआ को ही किनारे कर दिया गया है।

रघुवर दास ने कहा है कि झारखंड सरकार 2030 तक झारखंड की अर्थव्यवस्था 10 ट्रिलियन यानी 10 लाख करोड़ करने की बात कही है लेकिन ये होगा, कैसे ये सरकार ने बताया ही नहीं है। क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करने वाली है। इस बजट से सबसे अधिक निराश किसान और ग्रामीण हुए है। किसानों की ऋण माफी पर



सरकार चुप है। ग्रामीण विकास का बजट सरकार ने घटा दिया है। रघुवर दास ने कहा है कि पिछले वित्तीय वर्ष पेश कुल 1.28 लाख करोड़ के बजट में जनवरी तक 61 प्रतिशत राशि ही खर्च हुई है। इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देना वादा किया गया था, लेकिन सरकार अब इस पर कुछ नहीं बोल रही है। वृद्धा और विधवा पेंशन सरकार दे नहीं पा रही है। जनता की घोर अनदेखी इस बजट में की गई है।

## प्रशासन की मिली भगत से रोज हो रही है करोड़ों के बालू की चोरी





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली में बालू माफिया जबरदस्त रूप से हावी हैं। सिल्ली थाना क्षेत्र के राढ़ू नदी के श्यामनगर, झाबरी, जयनगर, हजाम, छोटा चांगड़ू व अन्य बालू घाट से बालू का अवैध उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है। हर दिन करोड़ों की बालू की चोरी की जा रही है। स्थानीय प्रशासन की सह पर माफिया बालू से तेल निकाल रहे हैं। लेकिन उन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। खबर है कि बालू की अवैध ढूलाई और चोरी में नीचे से उपर के पुलिस प्रशासन और सफेदपोशों का संरक्षण है दिखावे के लिए प्रशासन अवैध बालू लदे वाहन को पकड़ती है लेकिन महज कुछ देर में मोटी रकम लेकर वाहन को छोड़ दिया जाता है। रोजाना 100 से भी अधिक हाइवा, टिपर हाइवा, ट्रबो और ट्रेक्टरों से रांची और गोला आसपास चोरी का बालू भेजा जा रही है इसका प्रमाण चौक चौराहे पर दुकानों में लगे सीसीटीवी में देखा जा सकता है। बालू का अवैध उठाव के लिए माफियाओं का पोकलेन और जेसीबी मशीन 24 घंटा बालू घाटों पर लगा रहता है लेकिन जिम्मेदारों दिखाई नही देता है। ग्रामीण कहते है पूरा सिस्टम भ्रष्ट है यही कारण है सबका मिलीभगत से बालू का इतना बड़ा अवैध कारोबार फल फूल रहा है। सिस्टम के आगे भय ऐसा की विरोध करने वालों पर व्यक्तिगत हमला और जान माल की भी नुकसान हो सकता है।

# महिलाओं-बच्चियों के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर डीजीपी गंभीर, 6 मार्च को करेंगे समीक्षा

संवाददाता

**रांची :** राज्य में महिलाओं और बच्चियों के साथ लगातार हो रही दुष्कर्म के मामलों पर पुलिस गंभीरता से विचार कर रही है। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता बढ़ती अपराधिक घटनाओं की समीक्षा करेंगे। जानकारी के अनुसार यह बैठक 6 मार्च को होनी है।

झारखंड महिलाएं और बच्चियों के साथ लगातार दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर अब पुलिस महकमा भी सख्त होता नजर आ रहा है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने आगामी 6 मार्च को एक समीक्षा बैठक बुलाई है, जिसमें जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, एसएसपी और जिले के एसपी शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर गंभीर कदम उठाना और सभी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करना है।



### जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी को दिए गए ये दिशा निर्देश

- सभी 61 धाराओं के तहत दर्ज कांड में अनुसंधान की स्थिति।
- तीन महीने से अधिक समय से लंबित सुपरविजन के लिए केस की स्थिति।
- ऐसे सभी मामले जिनमें अभियुक्तों के खिलाफ कांड सत्य हुआ है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी की स्थिति, यदि गिरफ्तार नहीं हुए हैं, तो उनके कारण

- इन सभी 61 धाराओं में दर्ज ऑनलाइन प्राथमिक और की गई कार्रवाई। सत्य पाए गए कांडों में विक्टिम कंपनसेशन के लिए की गई कार्रवाई और लंबित मामले।
- यदि पीड़िता एसटी एससी श्रेणी में आती है, तो संबंधित क्षेत्र के तहत कंपनसेशन की कार्रवाई।

# उत्तर भारत में बर्फबारी और बारिश से झारखंड में गिरेगा तापमान!

संवाददाता

**रांची:** उत्तर भारत में बर्फबारी और बारिश के कारण झारखंड में मौसम का मिजाज बदल रहा है। प्रदेश में तापमान में गिरावट की संभावना जताई जा रही है। तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस नीचे गिर सकता है। जिससे पिछले कुछ दिनों से गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिल सकती है।

**आज प्रदेश में बारिश का कोई अलर्ट नहीं:** बता दें कि उत्तर भारत की ठंडी हवाएं झारखंड की ओर बह रही हैं, जिस कारण राज्य के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले दो दिनों तक झारखंड का मौसम ठंडा ठंडा रहेगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को गर्मी की मार सहनी पड़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अब लगभग समाप्त हो चुका है और आज इसका कोई असर देखने को नहीं मिलेगा। इसके कारण आज प्रदेश में बारिश का कोई संकेत नहीं है। आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा।



बता दें कि पिछले 24 घंटों में झारखंड में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान .हजारीबाग में 14.4 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। राजधानी रांची समेत राज्य के अन्य जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहा, लेकिन कई इलाकों में तेज धूप के कारण गर्मी भी काफी महसूस हुई। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक आज भी गर्मी महसूस होगी। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रह सकता है वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है ।

# उम्मीदों को तोड़ने वाला किसान विरोधी बजटः पवन साहू

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा 2025- 26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड रुपए का बजट पेश किया गया। इस बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी ने कहा कि यह उम्मीदों को तोड़ने वाला किसान विरोधी बजट है। इस बजट में किसानों के लिए समर्थन मूल्य जैसे चुनावी मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, किसानों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कुछ ठोस कदम उठाएगी? लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं होने से राज्य के किसान हताश व निराश हुए हैं! यहां तक की 2024- 25 की कृषि बजट में जहां 2407.95 करोड़ था जो 2526 में घटकर 1760 करोड़ कर दिया गया? वहीं मत्स्य पालन में 182.52 करोड़ था जो अब 132.00 करोड़ का और डायरी में 400 करोड़ था जो अब 398 करोड़ का बजट पेश किया गया। जिससे राज्य के किसानों में घोर असंतोष व्याप्त हुआ है। उन्होंने ने कहा कि सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार ने पूरा नहीं कर पाई है ना धान क्रय मूल्य में .3200 एमएसपी मिला, ना 450 रुपए में सिलेंडर मिला,ना ही कोई अन्य कोई गारंटी बजट में पूरा होते दिखा? मईया सम्मान की बात कहकर सरकार ने जो बजट का प्रावधान इस योजना में पेश किया है उसमें राज्य की आधी महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाएगा? ऐसे ही विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन,और वृद्धा पेंशन की राशि ढाई हजार रु० (2500)करने की बात कह कर उनका भी बजट में कोई राशि बढ़ाने का प्रावधान न कर-के उन्हें भी छलने का काम किया है? इसलिए हम कह सकते हैं कि यह बजट किसानों के लिए काफी निराश करने वाला बजट है।



## यूजी व पीजी के सात नये कोर्स होंगे शुरू

**रांची:** झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी में सात यूजी व पीजी कोर्स की स्वीकृति के लिए विवि प्रशासन यूजीसी दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो नयी दिल्ली से स्वीकृति लेगा। इसके लिए यूजीसी के पास प्रस्ताव भेजा जायेगा। इन सात विषयों में हिंदी, राजनीतिशास्त्र, अंग्रेजी, सोशल वर्क, इतिहास, एमबीए तथा अर्थशास्त्र विषय शामिल हैं। उक्त निर्णय सोमवार को यूनिवर्सिटी की चौथी एकेडमिक काउंसिल की बैठक में लिये गये। कुलपति डॉ टीएन साहु की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि छह महीने से बढ़ाकर 12 महीने करने की स्वीकृति दी गयी।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY CHOWK, RANCHI - 834 001, JHARKHAND.
PH: +91 651 2225878, E-MAIL: juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT NO: JUIDCO Ltd./Man-Power Agency/Hiring/664 (Part II)/2018-652    Date: 03-03-2025

Tender Notice

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Tender notice to the empaneled agencies of JAP-IT, Ranchi for Supply of Manpower at JUIDCO LTD. |
| 2 | Scope of work | As mentioned in RFP |
| 3 | Availability of BID Documents | Online https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 4 | Mode of submission of bid | Online https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 5 | Estimated cost | Open Tender |
| 6 | Tender fee & EMD (INR) | RFP document fee- INR 1000/- (Non Refundable) online<br>EMD- INR 10,000/- (Refundable)online |
| 7 | Date of start of submission of Bids | 04.03.2025 at 10:00 AM |
| 8 | Date of Pre Bid Meeting | 10.03.2025 at 03:30 PM |
| 9 | Last Date of Bid Submission | 25.03.2025 at 04:00 PM |
| 10 | Date of BID opening | 25.03.2025 at 04:30 PM |
| 11 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd (JUIDCO Ltd.), JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| 12 | Helpline | 9204141413/ pda.akm.juidco@gmail.com |

Sd/-
(Arvind Kumar Mishra)
Project Director (Administration)

PR 347682 Urban Development and Housing(24-25)#D


# हाथियों ने मचाया उत्पात घरों और धान को किया नष्ट

संवाददाता

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के डोमजूडी गांव में बीती रात हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। भूख मिटाने के लिए हाथी माझी टोला पहुंचे और महेश्वर मुर्मू के घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और सभी धान को चट कर गये। रास बिहारी दास की मिट्टी की चारदीवारी भी तोड़ दी और जिला परिषद सदस्य हिरण्य दास के लोहे के गेट को तोड़कर हाथी उनके घर में घुस गये। हिरण्य दास ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। भागने के क्रम में हाथी सीमेंट की दीवार को तोड़ते हुए सोलर पावर प्लांट होते हुए जमशेदपुर प्रखंड के खैरबानी में प्रवेश कर गये। इधर पीड़ित परिवार महेश्वर मुर्मू व जिला परिषद हिरण्य दास ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। मुखिया अनीता मुर्मू की पहल पर वन विभाग सक्रिय इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गयी है। घटना की सूचना पाकर डोमजूडी पंचायत की मुखिया अनीता मुर्मू ने डीएफओ आलम अंसारी और जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल से संपर्क किया। इसके बाद मानगो वन क्षेत्र के वनकर्मी रात में ही हरकत में आये और हाथियों के रूट पर नजर रखने लगे। जब हाथी वहां से चले तो वन विभाग ने राहत की सास ली। हाथियों के प्रवेश को रोकने और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए मानगो वन क्षेत्र के रेंजर दिग्विजय सिंह से रात भर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन एक बार भी उनसे संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने इस स्थिति को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस बाबत पूछे जाने पर रेंजर दिग्विजय सिंह ने कहा कि वे क्षेत्र से बाहर हैं और हाथियों की स्थिति से अनभिज्ञ हैं। पीड़ित परिवार ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटा गांव तालसा में उत्पात मचाने के बाद हाथियों ने खुखड़ाडीह गांव होते हुए डोमजूडी में प्रवेश किया। यहां एक घर की खिड़की तोड़कर महेश्वर मुर्मू के दो बोरा धान समेत आंगन का धान चट कर दिया।

# सेमीफाइनल मैच को लेकर रांची के खिलाड़ियों में उत्साह, विराट कोहली को लेकर फैंस में दिखी दिवानगी

संवाददाता

**रांची :** पिछले मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। 16 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टक्कर होने जा रही है, जिससे पूरे देश की निगाहें इस मुकाबले पर टिकी हैं। झारखंड की राजधानी रांची में भी क्रिकेट प्रेमियों में जोश देखा जा रहा है।

क्रिकेट कोच माणिक दा का कहना है कि दोनों टीमें मजबूत हैं, लेकिन भारतीय खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम को बदला लेने में माहिर माना जाता है और इस बार भी खिलाड़ी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे।




**विराट कोहली को लेकर उत्साह:** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर रांची के युवा खिलाड़ियों में जबरदस्त दीवानगी देखी जा रही है। विराट के फैन राजवीर का कहना है कि आज फिर से उनके बल्ले से रन बरसेंगे और भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से गिरकर महिला की मौत, बवाल

**देवघर :** देवघर-सारठ मुख्य मार्ग (एनएच) पर कुंडा थाना क्षेत्र के लालकोठी के समीप पुलिस की वाहन चेकिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पुलिस ने देवघर की ओर से आ रही एक बाइक को रुकने का इशारा किया। लेकिन बाइक चालक गाड़ी की रफ्तार तेज कर भागने लगा। तभी बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक पर पीछे बैठी महिला गिर गई। कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घायल महिला को आनन-फानन में समीप के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। शव को सड़क पर रख कर सड़क जाम कर दी। नष्ट सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। मृत महिला के परिजन, रिश्तेदार व अन्य लोग लाठी-डंडे से लैस होकर पहुंचे और वहां मौजूद पुलिस जवानों के साथ मारपीट करने लगे। एक महिला पुलिस कर्मी के साथ भी मारपीट की गई। बताया गया कि बाइक सवार युवक पीछे अपनी मां को बैठा कर आ रहा था। तभी पुलिस के डर से वह बाइक की रफ्तार तेज कर भागने लगा, जिसमें उसकी मां बाइक से गिर गई और उसकी मौत हो गई। उग्र भीड़ ने जसीडीह थाने के एसआई रामबच्चन सिंह, महिला पुलिसकर्मी ममता देवी, जवान रंजीत मुंडा, श्याम कुमार, उमेश कुमार, चरण कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की। उग्र लोगों ने सड़क को करीब तीन घंटे तक जाम रखा।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची
अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-105/2024-25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | : | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1,राँची। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 10.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 11.03.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 11.03.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | नगर नियंत्रण कक्ष राँची। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | : | अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय। |
| 8. | कार्यों का विवरण | : | |

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R to Minor Repair, Painting work and other work in Staff Quarter and Body Guard Room at State Guest House Circular Road Ranchi. | 487600.00 | 9800.00 | 750.00 | 10 Days |
| 2 | E/R to Painting work, Aluminum Work and Other work in Public Prosecutor Chamber at Civil Court Campus Ranchi . | 437900.00 | 8800.00 | 750.00 | 10 Days |
| 3 | E/R to Gabian, Boundary Wall, Pathway, Flag Post for Painting Work (Front of Collectorate Building Block -A) and other work in Record Room Campus Ranchi for the year 2024-25. | 387900.00 | 7800.00 | 750.00 | 10 Days |
| 4 | E/R to Minor Repair Front side Boundary Wall, Pathway, internal Boundary wall Painting Work and other work at Civil Court Campus Ranchi for the year 2024-25. | 496900.00 | 10000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 5 | E/R to Change for Sanitary Work, Painting Work, Drai n and other work in Main Building ATI Ranchi for the year 2024-25. | 482900.00 | 9700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 6 | E/R to Change for Door, Fitting, Steel Railing, and other work in Collectorate Building Ranchi | 496900.00 | 10000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 7 | E/R to Change for Do or, Fitting, Paver Block, and other work in All Building at Civil Court Campus Ranchi | 492900.00 | 9900.00 | 750.00 | 10 Days |
| 8 | E/R Painting work for Corridor Area (Ground Floor,1st F loor and 2nd floor),Kitchen Area, Dining Area and other work in State Guest House Ranchi | 497700.00 | 10000.00 | 750.00 | 10 Days |
| 9 | E/R Minor Repair for parking Tiles, Drain, flag Post,and other work in State Guest House Morabadi and Circular Road Ranchi | 483900.00 | 9700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 10 | E/R Painting work for Ground Floor Area (Allotte d by Post Office and other work in Fast Track Building at Civil Court Campus Ranchi. | 490250.00 | 9900.00 | 750.00 | 10 Days |
| 11 | E/R to Room No. 105 & 107 in Yojna Bhawan and Room No. 10 in Nepal House at Doranda, Ranchi | 430200.00 | 8700.00 | 750.00 | 10 Days |
| 12 | ER to S.E. Office, Chhotanagpur Circle at Line Tank Road, Ranchi | 485500.00 | 9800.00 | 750.00 | 10 Days |
| 13 | ER to South Chhotanagpur Commissioner Office at Kutchary Road Ranchi | 245000.00 | 4900.00 | 500.00 | 10 Days |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची।

PR 347649 Building(24-25)D


# झारखंड आवासीय विद्यालय में शिक्षक बनने का मौका, 22 पदों पर होनी है बहाली

संवाददाता

रांची/देवघर : देवघर में संचालित झारखंड आवासीय विद्यालय के 22 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। सोमवार को स्कूल में शिक्षकों के चयन को लेकर डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने डीईओ, डीएसई और संबंधित समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि वे सभी आवेदन की स्क्रूटनी काम निर्धारित मानक के तहत समय पर पूरा करें। ताकि नियुक्ति से संबंधित आगे की कार्रवाई समय पर पूरी हो सके।

**किन विषयों के लिए होगी नियुक्तिः** डीसी विशाल सागर ने कहा कि सभी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा छह से 12वीं तक में भाषा (हिंदी और इंग्लिश), गणित, विज्ञान सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, अर्थशास्त्र विषयों में कुल 22 पदों पर बहाली होनी है। जिसमें कक्षा छह से आठ तक के लिए कुल 10 पद और कक्षा नौ से 12वीं तक में कुल 12 पद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा छह से आठ तक के लिए कुल 23 आवेदन और कक्षा नौ से 12वीं तक कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए हैं।



**क्या है शैक्षणिक योग्यता और चयन प्रक्रियाः** इन स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए आपके पास झारखंड के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 50 फीसदी अंकों के साथ संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री होने के साथ बीएड होना अनिवार्य है। इसके अलावा सीटेट या जेटेट में उतीर्ण होना अनिवार्य है। इसके अलावा शारीरिक शिक्षा में आवेदन करने वाले शिक्षकों के पास स्नातक के साथ बीपीएड की डिग्री अनिवार्य है। शिक्षकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। हालांकि इससे पहले जिला स्तर पर एक मेघा सूची तैयार की जाएगी।

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

## यह कैसी कूटनीति

**वाइट हाउस** में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को जिस तरह की तीखी नोकझोंक देखने को मिली, उसे कूटनीति के इतिहास में अभूतपूर्व कहा जा सकता है। लाइव टीवी कवरेज के जरिए पूरी दुनिया ने पहली बार देखा कि दो राष्ट्राध्यक्ष अपनी टीम के साथ एक-दूसरे से तू-तू मैं-मैं कर रहे हैं। वैसे, दोनों पक्षों के स्टैंड पर गौर करें तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं दिखती जिसे सिरे से गलत कहा जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। अमेरिका इस युद्ध में लगातार यूक्रेन के साथ खड़ा रहा है। अब अगर उसे लगता है कि अपने देश के करदाताओं का पैसा इस लड़ाई में नहीं झोंका जाना चाहिए, तो इसमें कुछ भी असंगत नहीं है। इस लिहाज से उसकी यह कोशिश जायज है कि यह लड़ाई जल्द से जल्द बंद हो। दूसरी तरफ, यूक्रेन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि युद्धविराम के बाद रूस फिर से हमला न कर बैठे। कारण चाहे जो भी हों, उसकी यह शिकायत तथ्यात्मक रूप से सही है कि रूस अलग-अलग बहानों से उस पर हमले करता रहा है, सहमतियां तोड़ता रहा है। ऐसे में जहां अमेरिका पहले समझौता और युद्धविराम पर जोर दे रहा था, वहीं यूक्रेन पहले सुरक्षा गारंटी चाहता था। दो देशों के बीच सहमति बनने से पहले इस तरह का गतिरोध आना कोई नई या अस्वाभाविक बात नहीं है। नई बात यह हुई कि इन मतभेदों पर चर्चा मीडिया के सामने शुरू हो गई। चूंकि बातचीत वाइट हाउस में हो रही थी, इसलिए स्वाभाविक ही इसकी जिम्मेदारी अमेरिका पर आ जाती है। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद भी उसी समय इस पूरी नोकझोंक को 'ग्रेट टेलिविजन' करार दिया। मकसद चाहे जो भी रहा हो, इस पूरे प्रकरण से दोनों में से कोई भी पक्ष फायदे में नहीं दिख रहा। अमेरिका जो समझौता यूक्रेन के साथ करना चाहता था, वह टल गया। यूक्रेन को भले ही यूरोप का साथ मिलता दिख रहा है, अमेरिकी समर्थन के बगैर उसका इस युद्ध में टिकना मुश्किल है। ऐसे में बहुत संभव है कि देर-सबेर दोनों फिर बातचीत की टेबल पर आएं। बेहतर होगा कि इंतजार में ज्यादा वक्त और जिंदगियां न बर्बाद की जाएं।

## आम लड़कियों की सोचिए

**महाराष्ट्र** के जलगांव से आई एक केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है बल्कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है। राज्य में ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। लेकिन महाराष्ट्र वाले मामले में कई ऐसे पहलू हैं, जो व्यवस्था में निहित गंभीर खामियों की ओर संकेत करते हैं। ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी। पुलिस-प्रशासन हालांकि केंद्रीय मंत्री द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद तत्परता से कार्रवाई करते हुए दिख रहा है। लेकिन ध्यान रहे, यह इकलौती घटना नहीं है। दो-तीन दिन पहले भी उस बच्ची के साथ उन्हीं आरोपियों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की बात सामने आई है। आखिर ये कैसे आरोपी हैं जो केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ पुलिस सुरक्षा के बावजूद छेड़छाड़ करते हैं। सवाल है कि पहली घटना के बाद प्रशासन ने सख्त कदम क्यों नहीं उठाया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के मुताबिक ये आरोपी किसी राजनीतिक दल से जुड़े हैं। हालांकि प्रशासन ने तत्काल इस बात की पुष्टि नहीं की है। लेकिन अगर ऐसा हो भी तो यह कोई 'excuse' कैसे हो सकता है? आरोपी चाहे जो भी हों, उनके खिलाफ समय पर कानून के अनुरूप कड़ी कार्रवाई की राह में क्या बाधा हो सकती है? कड़ी कानूनी कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है। प्रशासन की साख का भी है। समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए।

# प्राण त्याग कर दे गए राष्ट्र भक्ति का संदेश

उन्होंने कनाडा और अमेरिका में घूम–घूम कर वहां निवासी भारतीयों को स्वयं के गौरव और भारत की स्वतंत्रता के लिये जागरूक किया । तभी काकोरी कांड के षडयंत्र कारियों में उनका भी नाम आया । अंग्रेजों ने उन्हे भारत लाने के प्रयास किए । पहले तो अमेरिकी सरकार ने अनुमति नहीं दी । लेकिन बाद में 1938 अनुमति दे दी गई ।

**(लाला हरदयाल/04 मार्च 1939/ पुण्य तिथि)**

**रमेश शर्मा**

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया । लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिए। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था । यही आईसीएस सेवा को अब आईएएस के रूप में जाना जाता है । ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्र भक्त लाला हरदयाल जी का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था । उनका पैतृक घर दिल्ली के चांदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे स्थित था । यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है जहां औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान हुआ था । लाला जी के पिता पं गोरेलाल जी संस्कृत के विद्वान और कोर्ट में रीडर थे। माता भोलारानी रामचरित मानस की विदुषी मानी जाती थीं । उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था । इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था । इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था ।

परिवार के संस्कारों ने उन्हें बचपन से राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया था । उन्हें बचपन में मां से रामायण की और पिता से संस्कृत शिक्षा मिली । उन्हें रामायण की चौपाइयां और संस्कृत के अनेक श्लोक कंठस्थ थे । उन दिनों के सभी शासकीय विद्यालयों में चर्च का नियंत्रण हुआ करता था । उनकी प्राथमिक शिक्षा कैम्ब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कालेज में । वे पढ़ने में बहुत कुशाग्र थे। सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी । एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था । उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएं धारा प्रवाह बोल लेते थे । इस विशेषता ने उन्हें पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था । वे महाविद्यालयीन शिक्षा में कालेज में टाप पर रहने से उन्हे 200 पाउंड की छात्रवृत्ति मिली । इस राशि से वे आगे पढ़ने के लिये लंदन गए। 1905 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया । लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा जिससे वे बहुत विचलित हुए । यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कालेज में भी हो गया था । पर जो दृश्य लंदन में देखा उसे देखकर बहुत विचलित हुए और उन्होने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया । भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिये उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया ।

वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज के साथ हो संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो । लाला जी लंदन में क्रांतिकारी आंदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये । उनका संपर्क क्रातिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ । श्याम कृष्ण जी ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी । लालाजी उसके सदस्य बन गए । क्रान्तिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनिया में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है । जहां कभी भी सेना भेजना होती वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मान जनक व्यवहार नहीं करते थे । उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी उन्हे 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकराकर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे ।

उन दिनों चर्च और मिशनरियों ने युवाओं को जोड़ने के लिये एक संस्था बना रखी थी उसका नाम 'यंग मैन क्रिश्चियन एसोशियेशन' था । इसे संक्षिप्त में 'वायएमसीए' कहा जाता था । इसकी शाखायें भारत में भी थीं लाला हरदयाल जी ने भारतीय युवकों में चेतना जगाने के लिये क्रान्तिकारियों की एक संस्था 'यंगमैन इंडिया एसोसिएशन' का गठन किया । उनकी सक्रियता देख उन पर स्थानीय प्रशासन का दबाब बना । वे 1908 में भारत लौट आए । यहां आकर भी वे युवकों के संगठन में ही लग गए । उनका अभियान था कि भारतीय युवक ब्रिटिश शासन और सेना की मजबूती में कोई सहायता न करें । इसके लिए उन्होंने देश व्यापी यात्रा की । लोकमान्य तिलक से मिले । उन्होंने लाहौर जाकर एक अंग्रेजी में समाचार पत्र आरंभ किया । उनका समाचार पत्र राष्ट्रीय चेतना से भरा हुआ था । अंग्रेजों ने समाचार पत्र के एक समाचार के बहाने उनपर एक मुकदमा दर्ज किया । इसकी खबर उन्हें लग गई और वे अमेरिका चले गए । अमेरिका जाकर गदर पार्टी की स्थापना की । उन्होंने कनाडा और अमेरिका में घूम-घूम कर वहां निवासी भारतीयों को स्वयं के गौरव और भारत की स्वतंत्रता के लिये जागरूक किया । तभी काकोरी कांड के षडयंत्र कारियों में उनका भी नाम आया । अंग्रेजों ने उन्हे भारत लाने के प्रयास किए । पहले तो अमेरिकी सरकार ने अनुमति नहीं दी । लेकिन बाद में 1938 अनुमति दे दी गई । उन्हें 1939 भारत लाया जा रहा था कि रास्ते में फिलाडेल्फिया में रहस्यमय परिस्थिति में उनकी मौत हो गई । आशंका है कि उन्हें मार्ग में विष दिया गया । जब उनकी मृत्यु हुई तब वे भोजन कर रहे थे । उनकी मृत्यु का रहस्य आज भी बना हुआ है । वे पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति कैसे भोजन करते करते शरीर त्याग सकता है । वह 4 मार्च 1939 का दिन था जब लाला जी इस नश्वर संसार को त्याग कर परम ज्योति में विलीन हो गए , पर इतिहास के पन्नों में राष्ट्र भक्ति का संदेश दे गए ।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)**

# इतना हल्ला क्यों, पहले भी तो हुआ है परिसीमन

तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है।इससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

देश में इस समय परिसीमन के मुद्दे पर सियासत में भूचाल आया हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पांच मार्च को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक आहूत की है। उन्हें आशंका है कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु की संसदीय सीटों की संख्या कम हो सकती है। स्टालिन का समर्थन दक्षिणी राज्यों के अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी किया है। अभी यह तय नहीं है कि परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी। यह माना जा रहा है कि 2025-26 में होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन हो सकता है। इस प्रक्रिया के 2028 तक पूरी होने की संभावना है। परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, इसलिए स्टालिन का हल्ला मचाना कहीं से भी ठीक नहीं लग रहा। पहले भी देश में परिसीमन हुए हैं।

वैसे भी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुंचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है।

माना जा रहा है कि 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल भी अपनाए जा सकते हैं।

लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा। निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा तो शासन में सुधार होगा। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आंकड़ों पर आधारित है। बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आंकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास संबंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढांचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है। प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुंचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है।इससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं।

आम आदमी जानना चाहता है कि परिसीमन क्या होता है? इसमें लोकसभा सीटों की संख्या कैसे घट और बढ़ जाती है? तो पहली बात यह कि देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन होता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है।वैसे ऐसा जरूरी भी नहीं है कि हर जनगणना के बाद परिसीमन हो। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या में बदलाव के अनुसार सभी नागरिकों के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना होता है। देश की आजादी के बाद हर 10 साल में जनगणना कराई जाती रही है। हालांकि, 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है। संविधान के 81(2) में जिक्र है कि किसी राज्य की जनसंख्या और उस राज्य के संसद सदस्यों की संख्या के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए। इस हिसाब से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में सांसदों की संख्या ज्यादा है और कम जनसंख्या वाले राज्यों में कम सांसद हैं। संभवतः दक्षिणी राज्यों को इसी बात का डर है। कई दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या तेजी से घटी है। ऐसे में अगर परिसीमन होता है तो इन राज्यों की लोकसभा सीटों में भी आबादी के अनुसार बदलाव हो सकता है। देश में अब तक चार बार 1952, 1963, 1973 और 2022 में परिसीमन आयोग का गठन किया जा चुका है। पहली बार 1952 में परिसीमन प्रक्रिया के समय देश में 489 लोकसभा सीटें थीं। इसके बाद 1963 में परिसीमन हुआ तो लोकसभा सीटों की संख्या 522 हो गई। 1973 में परिसीमन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 543 हो गई। 1967 में इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन पर 25 साल के लिए रोक लगा दी थी। इसके बाद 2001 में जनगणना हुई और 2002 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया। मगर तत्कालीन केंद्र सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के तहत इस पर एक बार फिर 25 साल की रोक लगा दी थी। इस संविधान संशोधन के अनुसार, देश में लोकसभा सीटों की संख्या 2026 के बाद ही बढ़ाई जा सकती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# रमजान माह में 5 वक्त की नमाज अदा करने का महत्व

पूरे देश में रमजाक का पाक महीना की शुरूआत हो चुकी है। इस दौरान रोजे रखें जाते हैं। मुस्लिम लोग नमाज के माध्यम से अल्लाह की इबादत करते हैं। रमजान के महीने में प्रत्येक मुसलमान को 5 वक्त की नमाज को पढ़ना जरुरी माना गया है। इन 5 नमाजों का नाम फजरस जुहर, असर मगरिब और ईशा है। आपको बता दें कि, इन नमाजों को अलग-अलग समय पर अदा किया जाता है।

इतना ही नहीं, कई नफील नमाजें पढ़ी जाती है, जो अलग-अलग दिन और अलग-अलग अवसर पर अदा की जाती हैं। नमाज के माध्यम से अल्लाह पाक से अपनी गुनाहों की माफी मांगी जाती है। इसके अतिरिक्त नमाज के अंदर कई तरह की पोजीशन होती है, जो मन को शांति देने के साथ-साथ कई तरह के शारीरिक लाभ भी मिलता है। गौरतलब है कि नमाज अदा करते समय सबसे पहले साफ-सुथरे कपड़े पहनकर, हाथ-मुंह व पैर धुल कर किया जाता है।

**क्यों 5 बार अदा की जाती नमाज?**

इस्लाम में 5 स्तंभ या फर्ज माने गए हैं।



जिन्हें अमल करना हर मुस्लिम के लिए जरुरी होता है। नमाज अदा करते समय इंसान अल्लाह के सबसे करीब माना जाता है। रमजान के महीने में सबसे पहले दिन की शुरूआत यानी के सुबह की नमाज को फजर कहा जाता है। सूरज निकलने से पहले फजर की नमाज पढ़ी जाती है। इस नमाज में सिर्फ 4 रकत नमाज होती हैं, जिसमें 2 रकात सुन्नत नमाज और 2 रकात फर्ज नमाज होती है। दिन की दूसरी नमाज को जुहर की नमाज कहा जाता है। इसमें पूरे 12 रकात नमाज होती हैं, जिसमें 4 सुन्नत नमाज , 4 फर्ज नमाज , 2 सुन्नत और 2 नफ्ल नमाज होती है।

**कब पढ़ी जाती है तीसरी और चौथी नमाज?**

तीसरी नमाज में दोपहर में पढ़ी जाती है, जिसे असर नमाज कहा जाता है। यह दिन के लगभग सूरज ढ़लने से पहले पढ़ी जाती है। असर की नमाज में 4 सुन्नत और 4 फर्ज नमाज पढ़ी जाती है। वहीं, इस्लाम की चौथी नमाज मगरिब की नमाज है, जो दिन के आखिरी हिस्से से पहले पढ़ी जाती है। मगरिब की नमाज को सूरज ढ़लने के बाद पढ़ी जाती है। इस नमाज में 3 फर्ज जैसे कि 2 सुन्नत और 2 नफ्ल नमाज होती है।

**रमजान में पढ़ी जाती है तरावीह की नमाज**

मौलाना लाल मोहम्मद सिद्धिकी के मुताबिक, इस्लाम की पांचवी और आखिरी नमाज ईशा की नमाज होती है। ईशा की नमाज में 17 रकात होती है। इसके बाद रमजान के माह में लोग तरावीह की नमाज भी पढ़ते हैं, जो रमजान के पाक महीने में हर मुस्लिम को 5 वक्त की नमाज को अदा करने का फर्ज निभाना चाहिए, ताकि अल्लाह की इबादत आप कर सके। तरावीह की नमाज एक खास तरह की नमाज होती है, जो माह ए रमजान के मुबारक महीने में अदा की जाती है।

## सेहत

### रामबाण है भीगे अखरोट का सेवन करना

डॉक्टर हमेशा सलाह देते हैं कि हेल्दी रहने के लिए ड्राई फ्रूट्स का सेवन जरुर करें। मेवे खाने से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं भीगे अखरोट खाने के कई जबरदस्त फायदे। स्वस्थ शरीर के लिए हेल्दी डाइट होना भी काफी जरुरी है। भाग–दौड़ भारी जिंदगी में हम सभी सेहत का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखते हैं। इसलिए अच्छी डाइट जरुर लेना चाहिए। अखरोट एक सुपरफूड है। इनमें पोषक तत्वों का मात्रा सबसे अधिक पाई जाती है। अखरोट में कैल्शियम, विटामिन, मिनरल और प्रोटीन हमारे शरीर को हेल्दी रखते हैं। गर्मियों के सीजन में लोग ड्राई फ्रूट्स के सेवन करने से बचते हैं। क्योंकि अखरोट की तासीर गर्म होती है, अखरोट को भीगाकर जरुर खाना चाहिए। भीगे अखरोट खाने से कई चमत्कारिक फायदे होते हैं। इसके सेवन से शरीर मजबूत बना रहता है, जो कई बीमारियों को दूर करता है। आइए आपको बताते हैं भीगे हुए अखरोट का सेवन करने से क्या फायदे मिलते हैं।

- खराब कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने पर दिल से जुड़ी बीमारियां का खतरा बना रहता है। अखरोट खाने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। रोजाना अखरोट खाने से कोलेस्ट्रॉल से निपटने में मदद मिल सकती है।
- जंक फूड खाने से शरीर को कई समस्याएं होने लगती है। इसलिए आपको नियमित रुप से भीगे अखरोट खाने चाहिए। यह पौष्टिक होते हैं और संतुष्ट कर सकते हैं। इसके सेवन से आपका पेटा भरा हुआ महसूस हो सकता है। इसे वजन घटाने में मदद मिलती है।
- अखरोट में एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। हेल्दी और मजबूत इम्यून सिस्टम होने पर आप खुद को बीमारियों को दूर भी रख सकते हैं।
- अखरोट खाने से आपको नींद अच्छी आएगी। इसमें मेलाटोनिन केमिकल होता है। इसके साथ ही आप सुबह और सोने से पहले भीगे हुए अखरोट खा सकते हैं, जो आपकी नींद को बेहतर करेगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### सांड के हमले से गंभीर रूप से घायल महिला की मौत

साहिबगंज : जिरवाबाडी थाना क्षेत्र सकरोगढ़ गैस गोदाम निवासी वृद्ध महिला गीता देवी 62 वर्ष सांड के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गई।स्वजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। बताया गया कि वृद्ध महिला का एक पैर टूट गया है।जानकारी के अनुसार गीता देवी कुछ काम के लिए घर से बैंक जा रही थी। तभी गैस गोदाम के रास्ते में सांड ने उन पर अचानक हमला कर दिया जिससे वह दूर जा गीरी। स्थानीय लोगों की मदद से सांड को भगाया गया और और वृद्ध महिला के स्वजनों को जानकारी दी गई। स्वजनों ने तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें : इंस्पेक्टर

साहिबगंज : सदर इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने अपने कार्यालय में थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण गोष्टी किया। उन्होंने बीते माह में हुई आपराधिक गतिविधि, थाना में मामला दर्ज व अनुसंधान की समीक्षा थानावार किया। इंस्पेक्टर ने सभी थाना प्रभारी को यह निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से शराब, जुआ, सट्टा, लॉटरी ,मादक पदार्थ सहित अवैध परिवहन जैसे अवैध कार्य पूरी तरह से लगाम लगाने की बात कही।उन्होंने क्षेत्र में गस्ती तेज करने, वैसे संदिग्ध लोगों से पूछताछ करने का निर्देश दिया।मौके पर जिरवाबाडी थाना प्रभारी प्रभार बंटी यादव,मुफस्सिल थाना मदन कुमार, गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार,मिजाचौकी थाना प्रभारी प्रभार मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें : उपायुक्त



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अन्तर्गत संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिले में चल रही विद्युत आपूर्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने जिले के अविद्युतीकृत गांव और टोलों को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत जल्द से जल्द आच्छादित कर विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी एवं नगर प्रशासक, नगर परिषद साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान बिजली आपूर्ति में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

### मत्स्य विभाग की यह पहल स्वरोजगार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है : उपायुक्त



साहिबगंज : उपायुक्त हेमंत सती ने जिला मत्स्य विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न कक्षों, परिसर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसर में स्थित तालाब का जायजा लिया।तालाब में किए जा रहे मत्स्य पालन, बतख पालन व तालाब के किनारे तालाब की उपजाऊ मिट्टी पर की गई।अरहर की खेती को देखकर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग की यह पहल स्वरोजगार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है। साथ ही उन्होंने मत्स्य उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा सहित विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।उपायुक्त ने मत्स्य विभाग को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास तेज करने और किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर विशेष जोर देने को कहा।

### 9 मार्च को मनाया जाएगा बाहा पर्व

**दुमका :** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान के मीडिया प्रभारी प्रेम हांसदा ने बताया कि आगामी 9 मार्च 2025 दिन रविवार को दिसोम जाहेर थान में ₹बाहा पर्व₹ मनाया जायेगा। उक्त तिथि का चयन मांझी थान प्रांगण में दिसोम मांझी बाबा बेनीलाल टुडू के अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसहमति से तय किया गया। आगे दिसोम मांझी बाबा ने कहा कि 9 मार्च को प्रातः स्नान कर दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन के नेतृत्व में दिसोम जाहेर थान में विधिविधान के साथ ₹बाहा बोंगा₹ होगी। इस बाहा बोंगा में संताल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से संभवतः सैकड़ों की संख्या में आतो मोड़ें होड़ के साथ-साथ मरांग बुरू अनुयायी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिसोम मांझी थान के पदाधिकारी सुरेशचंद्र सोरेन, टेकलाल मरांडी, नीलेश हांसदा, चंद्रनाथ हेंब्रम, सीमांत हांसदा, राजीव बास्की, अमर मरांडी, निखिल मुर्मू, मोहन टुडू, ईमेल मरांडी, शिव सोरेन, सुशील मरांडी, लाइन्दु मुर्मू, स्टेनली हेंब्रम, शिवकांत मुर्मू, रविलाल टुडू, लवकिशोर टुडू, सन्नी देओल बास्की आदि लगे हुए हैं।

### महाकुंभ पर धनबाद रेल मंडल को हुई 3.65 करोड़ की कमाई, चलाई गई थी 76 स्पेशल ट्रेनें

धनबादः महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज संगम में करोड़ों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। ट्रेनों में करोड़ों की संख्या में लोगों ने सफर किया है। यात्रियों की इस भीड़ के कारण रेलवे ने भी काफी मुनाफा कमाया है। अगर धनबाद रेल मंडल की बात करें तो महाकुंभ के दौरान भीड़ को देखते हुए काफी तादाद में इस रेल मंडल से स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थी। इस दौरान कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाकर करीब 3 करोड़ 65 लाख रुपए की कमाई धनबाद रेल मंडल ने की है।डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 76 कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थी।

---

#### सब्जियों की उचित कीमत नहीं मिलने से देवघर के किसानों में मायूसी, कहा

# खेती में मेहनत के अनुरूप नहीं मिल रहा लाभ

**देवघर :** झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है। सूबे के ज्यादातर लोग कृषि के माध्यम से ही अपना जीवन-यापन करते हैं। खासकर संथाल परगना क्षेत्र के ज्यादातर लोग खेती के भरोसे ही अपनी आजीविका चला रहे हैं। लेकिन यहां किसानों की हालात बहुत अच्छी नहीं है। देवघर के सारवां प्रखंड के कई किसानों ने कहा कि दिन-रात खेती में लगे रहते हैं, लेकिन मेहनत के हिसाब से उन्हें लाभ नहीं मिल पाता है।

सब्जी की कीमत नहीं मिलने से मायूसी

सारवां प्रखंड के किसान मुरली वर्मा बताते हैं कि सारवां से तीन-चार जिलों में सब्जी का निर्यात किया जाता है। देवघर के सारवां से दुमका, बांका और गिरिडीह जैसे जिलों में प्रतिदिन सब्जी सप्लाई की जाती है, लेकिन किसानों को उनके मेहनत के हिसाब से सब्जी की कीमत नहीं मिलती है।



खेत में बर्बाद हो रहे टमाटर

किसान मुरली वर्मा बताते हैं कि वर्तमान में उन्होंने बीट की खेती की है। बाजार में बीट की कीमत 35 से 40 रुपये प्रति किलो है, लेकिन किसानों को 15 से 20 रुपये ही प्रति किलो रेट मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उनके खेत में टमाटर बर्बाद हो रहे हैं, लेकिन बाजार में टमाटर के दाम नहीं मिल पा रहे हैं।

खेती के लिए सिंचाई की सुविधा नहीं

किसान राधिका देवी और किसान मुरली वर्मा ने कहा कि किसानों को देवघर में सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है। इसलिए किसान पूर्ण संसाधन के साथ खेती नहीं कर पाते हैं। किसानों ने कहा कि जब तक बेहतर सिंचाई की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक देवघर के किसानों को खेती से अच्छी आमदनी नहीं हो पाएगी।

सरकारी योजना के तहत सौर्य ऊर्जा योजना, कीटनाशक छिड़काव, अत्याधुनिक मशीन नहीं मिल पा रही है।जिस वजह से किसान खेती नहीं कर पाते हैं। जबकि किसान मुरली वर्मा की मेहनत को देखते हुए कई निजी संस्थाओं ने उन्हें कई इनाम भी दिए हैं और उनके मेहनत के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया है।

किसानों की समस्याओं पर लेंगे संज्ञानः डीएओ

किसानों की समस्या को लेकर ईटीवी भारत ने जब जिला कृषि पदाधिकारी यशराज से बात की तो उन्होंने कहा कि किसानों के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। योजनाओं को किसान तक पहुंचाने के लिए सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीएम किसान योजना और राज्य सरकार की किसान समृद्धि योजना जिले में सभी किसानों के लिए चलाई जा रही है। इसके बावजूद यदि किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है तो वह इस पर जरूर संज्ञान लेंगे।

ड्रिप सिस्टम से सिंचाई करने की सलाह

उन्होंने सिंचाई की समस्या पर कहा कि देवघर जिले में पानी की दिक्कत शुरू से ही है। इस वजह से सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है, लेकिन उन्होंने सभी किसानों को सुझाव देते हुए कहा कि यदि ड्रिप सिस्टम से सिंचाई करें तो उन्हें खेती में लाभ मिलेगा और कम पानी में जिले के किसान बेहतर खेती कर पाएंगे।

इसके अलावा जिन किसानों को संसाधन नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से वह सभी प्रखंडों के किसानों की समस्या से अवगत होंगे और प्रगतिशील किसानों को चिन्हित कर उनपर विशेष ध्यान दिया जाएगा।


गौरतलब है कि देवघर जिले में किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयासों का लाभ सभी किसानों को नहीं मिल रहा है। जरूरत है जिला प्रशासन और सरकार किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए वृहत स्तर पर काम करें।

## अरुण सिंह बने झामुमो के जिलाध्यक्ष

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमिटी के द्वारा सोमवार को राज्य के तीन जिले के जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई।पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय ने पत्र जारी कर साहिबगंज,गोड्डा एवं पाकुड़ में नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की जिसमें साहिबगंज के जिलाध्यक्ष के रूप में अरुण सिंह को बनाया गया।जबकि मुजम्मिल हक व संजीव सामु को उपाध्यक्ष सुरेश टुडू को सचिव और सुरेश साह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वही अरुण सिंह को साहिबगंज जेएमएम जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।वही देर शाम को मिजाचौकी महादेववरण गांव स्थित उनके निवास पर कार्यकताओं के द्वारा जिल अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया इस दौरान मिजाचौकी में जमकर





आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई।वही नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है इसके लिए मै राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज जिला संयोजक प्रमुख पंकज मिश्रा सहित पार्टी के कार्यकर्ता को धन्यवाद देता हूँ।उन्होंने कहा कि वे इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए संगठन के मजबूती को लेकर वो लगातार कार्य करेंगे।इस अवसर पर झामुमो के संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा,संटी मिश्रा,राजेश राम,बाबू चंद सोरेन, मनोज सोरेन,बबन यादव,राजीव जयसववीरेन्दर साह,गुड्डू चौधरी,संजय टुडू,हिरा यादव, कन्हाई यादव शहीद दर्जनों की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मुख्य मार्ग में दो हाइवा का आमने सामने भिड़त चालक गंभीर रूप से घायल

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहड़वा :** फरक्का मुख्य पथ पर बरहरवा हाई स्कूल मोड़ के आगे रविवार की मध्यरात्रि सड़क किनारे खड़ा एक हाईवा को सामने से आ रहे एक हाईवा ने टक्कर मार दी,जिसमें चिप्स लोड हाईवा के चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार रविवार की मध्य रात्रि लगभग एक बजे बरहड़वा फरक्का मुख्य पथ पर हाईवा संख्या जे एच 04 डब्लू 0025 पहाड़ के क्रेशर से स्टोन चिप्स लोड कर पश्चिम बंगाल की और जा रहा था।वहीं विपरीत दिशा में हाईवा संख्या जे एच 16 एच 1149 खड़ा था।इस दौरान दिग्गी की और से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने अनियंत्रित होकर खड़ा हाईवा को जोर दार टक्कर मार दिया।जिससे दोनों हाईवा पूरी



तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। टक्कर से स्टेयरिंग दब जाने के कारण एक चालक घायल हो गया।जिस दौरान उक्त मुख्य पथ पर चल रहे अन्य वाहनों के चालक एवं खलासी के द्वारा हाईवा में फंसे चालक को लगभग 45 मिनट काफी प्रयास के बाद चालक को निकाला गया।घायल चालक को इलाज के लिए बरहड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां चिकित्सा के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया व बेहतर इलाज हेतु बाहर रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बरहड़वा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए और दोनों हाईवा को जब्त कर लिया है।

## संथाल परगना प्रमंडल में शैक्षणिक माहौल उत्कृष्ट हो यही मेरे कार्यकाल की प्राथमिकता होगी : डॉ दुर्गानन्द झा



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका ( प्लस टू जिला स्कूल दुमका) परिवार द्वारा सोमवार को निवर्तमान क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा के लिए विदाई सह सम्मान एवं वर्तमान क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 दुर्गानन्द झा के लिए स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन कर शाल,अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनन्दन किया गया।उपस्थित विद्यालय परिवार के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि शैक्षणिक जगत से जुड़े व्यक्ति सेवानिवृत्त होने के बाद भी शैक्षणिक जगत से मुक्त नही होते हुए हैं। डॉ0 गोपाल कृष्ण ने कहा कि शिक्षण कार्य व्यवसाय नही बल्कि एक सेवा कार्य है।कहा कि एक शिक्षार्थी को उत्कृष्ट शिक्षा दान देकर एक शिक्षक को जो आत्मगौरव एवं आत्मसंतुष्टि प्राप्त होती है वैसा दूसरे कार्यो से नही प्राप्त होती है। कहा कि एक शिक्षक को हमेशा नवाचारी शिक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। वर्तमान क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दुर्गानन्द झा ने कहा कि संथाल परगना प्रमंडल में शैक्षणिक माहौल उत्कृष्ट हो यही मेरे कार्यकाल की प्राथमिकता होगी।डॉ0 दुर्गानन्द झा ने कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की परिकल्पना एवं उसको धरातल पर उतारना मुख्यमंत्री महोदय का ड्रिम प्रॉजेक्ट है। कहा कि आज गरीब के बच्चे भी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। कहा कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका एक ऐतिहासिक एवं उत्कृष्ट विद्यालय है। कहा कि इस उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक अपने उत्कृष्ट अध्यापन शैली से यहाँ के छात्र छात्राओं का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। स्वागत भाषण प्रभारी प्राचार्य महेंद्र राजहंस,कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा एवं धन्यवाद ज्ञापन निवास रजक ने किया।स्वागत गीत के माध्यम से विद्यालय की छात्राओ ने अतिथियों का स्वागत किया।मौके पर पूर्व प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, शिक्षक अमित कुमार पांडेय, स्नेहलता मराण्डी, संजय कुमार सिन्हा एवं लखी टुडु के अलावे विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव को लेकर डीसी ने की बैठक



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** राजकीय श्रावणी मेला 2025 के आयोजन को लेकर जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गयी।

उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला को ध्यान में रखते हुए शिवगंगा की बेहतर ढंग से साफ सफाई की जाय।कहा कि शिवगंगा के सारे पानी को निकालकर स्वच्छ जल भरा जाय ताकि आने वाले श्रद्धालु एक स्वच्छ माहौल में स्नान कर पूजा अर्चना कर सकें।उन्होंने कहा कि पेयजल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है पेयजल को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाय ताकि श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो।

उपायुक्त ने मंदिर प्रांगण में परमानेंट सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित करने का भी निदेश दिया है।उन्होंने मंदिर तथा मेला क्षेत्र के साफ सफाई को लेकर नियमानुसार निविदा कर मेला अवधि हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवासन को लेकर इस वर्ष 5 टेंट सिटी बनाये जाएंगे।साथ ही 30-40 वीआईपी कॉटेज बनाए जाएंगे, इस कॉटेज में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी,साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था कॉटेज में होगी।इस कॉटेज की बुकिंग श्रद्धालु घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे।इसके लिए उपायुक्त ने जगह चिन्हित करने का निदेश दिया है। बैठक में जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## देवघर में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से गिरकर महिला की मौत मामले की जांच पूरी

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर :** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के हटगढ़ मोड़ के पास रविवार को सड़क दुर्घटना में महिला की मौत और पुलिस पर लगे गंभीर आरोपों की जांच पूरी हो गई है। पुलिस की जांच में चौंकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले में कार्रवाई में जुट गई है।

सीसीआर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने जांच पूरी कर ली है। जांच में यह पाया गया कि जहां पर वाहनों की चेकिंग हो रही थी उस स्थान से करीब आधा किलोमीटर दूर यह घटना हुई थी, लेकिन मृतक के परिजनों, स्थानीय नेताओं और उपद्रवी तत्वों ने नाजायज मजमा बनाकर देवघर के माहौल को खराब करने की कोशिश की। स्थानीय नेताओं ने निजी लाभ के लिए लोगों को दिग्भ्रमित कर सड़क जाम किया था और पुलिस पर हमला किया था। अब पुलिस उपद्रवियों को चिह्नित कर कार्रवाई करेगी।

मामले में सीसीएसआर डीएसपी ने बताया कि 2 मार्च को शाम 4 बजे मोहन साह अपनी मां को बाइक पर बिठाकर मानिकपुर से सारवां जा रहे थे। इस क्रम में पुलिस की चेकिंग हटगढ़ पुल के पास चल रही थी। मोहन साह हटगढ़ पुल पार कर गए थे। आगे जाने के बाद बाइक पर बैठी उनकी मां मेधा सदन हॉस्पिटल के पास गिर गईं थी। इसके बाद गंभीर हालत में उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने जांच कर महिला को मृत



घोषित कर दिया।

डीएसपी के अनुसार घटना के बाद स्थानीय नेता जुट गए। स्थानीय नेता के साथ कुछ उपद्रवी और अराजक तत्व लाश को स्ट्रेचर से लेकर चेकिंग स्थल लाया। जहां पुलिस के विरुद्ध नारे लगाए गए। पुलिस पर आरोप लगाया कि चेकिंग के दौरान बाइक पर पीछे बैठी महिला को खींच दिया गया और हेलमेट से मार दिया गया। जिस कारण महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई। इस दौरान मौजूद पुलिस कर्मियों से दुर्व्यवहार किया गया और मारपीट भी की गई।

डीएसपी ने बताया कि जांच में पता चला कि गलत साजिश के तहत ऐसा काम किया गया था। वहां घटना हुई ही नहीं थी। घटना चेकिंग स्थल से 800 मीटर की दूरी पर हुई थी। उन्होंने कहा कि इस साजिश में और पुलिस के हमले में जो भी लोग शामिल थे उनकी तस्वीर और वीडियो पुलिस को प्राप्त हो गई है। पुलिस उन सभी को चिह्नित कर कार्रवाई करने जा रही है।

# 'छावा' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार कुल कलेक्शन 458.75 करोड़ रुपये



विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' को रिलीज हुए तीन हफ्ते हो गए हैं, लेकिन दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। 'दुनिया भर में 14 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना जैसे सितारों की शानदार अदाकारी से सजी है। छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित इस ऐतिहासिक फिल्म ने भारी मुनाफा कमाया है। फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। स्क्रीनिंग से पहले ही फिल्म के सभी शो हाउसफुल थे। फिल्म 'छावा' 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। छावा ने अब तक कई नए रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग में 5 लाख टिकटें बिक गईं। इससे अकेले 13.70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। फिल्म का बजट 130 करोड़ है। वर्ष 2025 की शुरुआत बॉलीवुड ने 'छावा' के साथ जोरदार तरीके से की है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'छावा' ने रिलीज के 17वें दिन, यानी तीसरे रविवार को 24.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 458.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह विक्की कौशल के करियर की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। इससे पहले उनकी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' थी, लेकिन 'छावा' ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभा रहे हैं। रश्मिका मंदाना रानी येसुबाई की भूमिका निभा रही हैं। लक्ष्मण उटेकर ने 'छावा' का निर्देशन किया है और फिल्म में अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी भी हैं।

## ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 20 मार्च को आएगी वेब सीरीज 'खाकीः द बंगाल चैप्टर'

नीरज पांडे के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'खाकीः द बिहार चैप्टर' 2022 में 25 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। इस सीरीज में करण टैकर, रवि किशन, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह और आशुतोष राणा जैसे दमदार कलाकार नजर आए थे।




इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के शानदार रिस्पॉन्स को देखते हुए मेकर्स ने 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' की घोषणा पहले ही कर दी थी और अब दर्शकों का इंतजार खत्म करते हुए सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' का प्रीमियर 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, ₹बॉस और बंबा दा की दहाड़ सुनने के लिए हो जाइए तैयार। इस बार सीरीज में पहले से भी ज्यादा रोमांच और दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। निकिता दत्ता, जतिन सरना, श्रद्धा दास और अनूप सोनी जैसे कलाकार अपने किरदारों को दोहराते नजर आएंगे। पहले सीजन का निर्देशन करने वाले नीरज पांडे अब 'खाकीः द बंगाल चैप्टर' के जरिए फिर से दर्शकों को एक जबरदस्त कहानी परोसने के लिए तैयार हैं।





## फिल्म 'नादानियां' का नया पोस्टर रिलीज, रोमांस और ड्रामा से भरपूर होगी कहानी

शाउना गौतम के निर्देशन में बन रही फिल्म 'नादानियां' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। यह फिल्म खास इसलिए भी है, क्योंकि इसके जरिए सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म में इब्राहिम की जोड़ी खुशी कपूर के साथ बनी है। 'आर्चीज' और 'लवयापा' के बाद यह खुशी के करियर की तीसरी फिल्म होगी। अब निर्माताओं ने 'नादानियां' का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। 'नादानियां' के नए पोस्टर में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। दोनों अपने-अपने परिवार के सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं, जिससे फिल्म की कहानी को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म में खुशी कपूर के पिता की भूमिका सुनील शेट्टी निभा रहे हैं, जबकि उनकी मां का किरदार महिमा चौधरी निभा रही हैं। इब्राहिम अली खान के पिता के रूप में जुगल हंसराज और उनकी मां के किरदार में दिया मिर्जा नजर आएंगी। करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।

# भारतीय लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' ऑस्कर जीतने से चूकी

अमेरिका के लॉस एंजिल्स स्थित डॉल्बी थिएटर में फिल्मी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह ऑस्कर 2025 का भव्य आगाज हो गया है। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर के सिनेमा प्रेमी इस खास आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस साल भी कई बेहतरीन फिल्मों ने ऑस्कर जीतने की दौड़ में अपनी जगह बनाई, जिनमें भारत की ओर से 'अनुजा' भी शामिल थी। इस नामांकन ने भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का क्षण बनाया, लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते फिल्म पुरस्कार जीतने से चूक गई। हालांकि, इसके बावजूद यह उपलब्धि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा सम्मान है। एडम जे ग्रेव्स के निर्देशन में बनी शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' को लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर 2025 के लिए नामांकन मिला था। इस फिल्म से गुनीत मोंगा और प्रियंका चोपड़ा बतौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर जुड़ी थीं, जिससे भारत को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए बड़ी उम्मीदें थीं। हालांकि, इस कैटेगरी में 'आई एम नॉट ए रोबोट' ने ऑस्कर जीतकर बाजी मार ली। इस साल नामांकित अन्य फिल्मों में 'द लास्ट रेंजर', 'ए लाइन', और 'द मैन हू कुड नॉट रीमेन साइलेंट' भी शामिल थीं। गुनीत मोंगा भारतीय सिनेमा की एक प्रतिष्ठित शख्सियत हैं, जिन्होंने दो बार ऑस्कर जीतकर देश का नाम गर्व से ऊंचा किया है। 2019 में, उन्होंने




### फिल्म 'अनुजा' की कहानी

इस शॉर्ट फिल्म की कहानी दो बहनों के संघर्ष भरे जीवन पर आधारित है। इसमें 9 साल की अनुजा और उसकी बड़ी बहन पलक को दिखाया गया है, जो एक कपड़ों की फैक्ट्री में काम करती हैं। फिल्म की कहानी अनुजा के सफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां उसे एक ऐसा फैसला लेना पड़ता है, जो उसकी पूरी जिंदगी बदल सकता है। यह फिल्म मासूमियत, कठिनाइयों और उम्मीद के बीच के संघर्ष को संवेदनशील तरीके से दर्शाती है।-

सेंटेंस' के लिए ऑस्कर जीता था, और 2023 में, उनकी शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट

माना जा रहा था कि गुनीत एक बार फिर भारत के लिए ऑस्कर जीत सकती हैं,

करने से चूक गई, जिससे भारतीय दर्शकों को थोड़ी निराशा हाथ लगी।

## फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर रिलीज, फिल्म में हंसी के साथ मिलेगा इमोशनल टच




अभिषेक बच्चन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बी हैप्पी' को लेकर चर्चा में हैं, जिसका निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया है। इस फिल्म में अभिषेक एक सिंगल फादर की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी बेटी के साथ एक अनोखे और भावनात्मक सफर पर निकलता है। बाल कलाकार इनायत वर्मा फिल्म में उनकी बेटी की भूमिका में नजर आएंगी। अब मेकर्स ने 'बी हैप्पी' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। अभिषेक की दमदार अदाकारी को खूब सराहा जा रहा है।'बी हैप्पी' एक इमोशनल डांस ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। रेमो डिसूजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अभिषेक बच्चन शिव रस्तोगी नाम के एक पिता का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी बेटी के सपनों को साकार करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। फिल्म की कहानी जहां दर्शकों को प्रेरित करेगी। यह कई भावनात्मक पलों से भी भरपूर होगी। यह एक ऐसे पिता की यात्रा है, जो अपने संघर्षों के बावजूद अपनी बेटी की खुशियों को अपनी पहली प्राथमिकता बनाता है। 'बी हैप्पी' दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ एक गहरी और भावुक कहानी से जोड़ने का वादा करती है, जो उनके दिलों को छू जाएगी।

'बी हैप्पी' का ट्रेलर दर्शकों के बीच काफी सराहा जा रहा है। खासतौर पर बाल कलाकार इनायत वर्मा के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन एक सिंगल फादर की भूमिका में नजर आएंगे, जो अपनी बेटी की परवरिश अकेले कर रहे हैं। यह कहानी एक पिता और उसकी समझदार बेटी के बीच के खूबसूरत रिश्ते को उजागर करती है, जो दिल को छू लेने वाली और प्रेरणादायक है। 'बी हैप्पी' 14 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी, जिससे दर्शक इस इमोशनल ड्रामा का आनंद घर बैठे उठा सकेंगे।

## ऑस्कर के मंच पर हिंदी बोलकर होस्ट कॉनन ओ'ब्रायन ने भारतीय दर्शकों को किया सरप्राइज

अमेरिका के लॉस एंजिलस में 97वें अकादमी पुरस्कार का भव्य आगाज हो चुका है। इस बार ऑस्कर 2025 को मशहूर टॉक शो होस्ट कॉनन ओ'ब्रायन होस्ट कर रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने पहली बार ऑस्कर की मेजबानी की है और अपने शानदार प्रेजेंटेशन से इतिहास रच दिया है। कॉनन ओ'ब्रायन जानते हैं कि यह शो दुनियाभर के कई देशों में लाइव देखा जा रहा है। ऐसे में उन्होंने सिर्फ इंग्लिश ही नहीं, बल्कि स्पैनिश, हिंदी, चाइनीज और कई अन्य भाषाओं में भी दर्शकों को संबोधित किया। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। ऑस्कर होस्ट कॉनन ओ ब्रायन ने अपने अनोखे अंदाज से दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीत लिया है। हिंदी में उनकी स्पीच ने भारतीय दर्शकों को खासा प्रभावित किया। भारत से समारोह देख रहे लोगों को दिया गया कॉनन का बयान चर्चा में है। उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ₹नमस्ते, भारत के लोगों।₹ कॉनन ओ'ब्रायन ने कहा, ₹वहां सुबह हो चुकी है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि आप नाश्ता करते समय 97वें अकादमी पुरस्कार समारोह देख रहे होंगे। कॉनन हैं ओ'ब्रायनकॉनन ओ'ब्रायन एक अमेरिकी टेलीविजन होस्ट, हास्य अभिनेता, अभिनेता, लेखक और निर्माता हैं। कॉनन ओ'ब्रायन को 'लेट नाइट विद कॉनन ओ'ब्रायन', 'द टुनाइट शो विद कॉनन ओ'ब्रायन' और 'कॉनन' जैसे देर रात के टॉक शो की मेजबानी के लिए जाना जाता है। इस वर्ष किस फिल्म ने सबसे अधिक पुरस्कार जीते?'अनोरा' ऑस्कर 2025 में सबसे अधिक पुरस्कार जीतने वाली फिल्म बन गई है। एक सेक्स वर्कर की कहानी पर आधारित इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित पांच श्रेणियों में ऑस्कर जीता है। इसके अलावा, मिकी मैडिसन को 'अनोरा' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर पुरस्कार दिया गया है। सीन बेकर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने यह पुरस्कार 'अनोरा' के लिए जीता।



### नानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' से फर्स्ट लुक आउट




साउथ भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता नानी अपनी आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले नानी के साथ 'दशहरा' में काम किया था। दर्शक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसे सुधाकर चेरुकुरी प्रोड्यूस कर रहे हैं। अब आखिरकार 'द पैराडाइज' से नानी की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका दमदार और इंटेंस लुक देखने को मिल रहा है। 'द पैराडाइज' एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली के साथ-साथ अंग्रेजी और स्पेनिश में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान हो चुका है। यह 26 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नानी के साथ इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इसके निर्देशक श्रीकांत ओडेला ने ही इसकी कहानी भी लिखी है।-

## डेमी मूर ने खोया बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

97वें अकादमी पुरस्कार समारोह का आयोजन सोमवार को लॉस एंजिल्स के प्रतिष्ठित डॉल्बी थिएटर में किया गया। कॉनन ओ'ब्रायन द्वारा आयोजित इस वर्ष के समारोह में कई बड़े उलटफेर, आश्चर्यजनक जीत और अपमान शामिल थे, जिन पर बहस चल रही है। इन सभी चीजों ने दर्शकों को याद दिलाया कि हॉलीवुड का सबसे बड़ा 'अकादमी पुरस्कार' क्यों एक देखने लायक कार्यक्रम है। द सब्सटेंस में डेमी मूर के परिवर्तनकारी प्रदर्शन से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतेंगी, खासकर गोल्डन ग्लोब्स, एसएजी अवाड्र्स और क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स में उनकी सफलता के बाद। हालांकि, अकादमी के पास अन्य योजनाएं थीं। यह पुरस्कार एनोरा में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मिकी मैडिसन को दिया गया। इस उलटफेर ने न केवल एक नए उभरते सितारे को ताज पहनाया, बल्कि शाम को एनोरा की अंतिम सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म जीत के लिए मंच भी तैयार किया। ऑस्कर समारोह में इन मेमोरियम सेगमेंट पर विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। इस साल, मिशेल ट्रैचेनबर्ग और टोनी टॉड जैसे उल्लेखनीय नाम गायब थे, जिसके कारण सोशल मीडिया पर तुरंत हंगामा मच गया यू.एस. वितरण के बिना किसी फिल्म का ऑस्कर में लोकप्रियता हासिल करना दुर्लभ है, जीतना तो दूर की बात है। फिर भी, नो अदर लैंड ने सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री ट्रॉफी जीतकर उम्मीदों को धता बता दिया। फिल्म के शक्तिशाली संदेश और आलोचनात्मक प्रशंसा ने संभवतः इसे अधिक व्यापक रूप से उपलब्ध प्रतिस्पर्धियों से आगे बढ़ाया। एमिलिया पेरेज ने 97वें ऑस्कर में पसंदीदा के रूप में प्रवेश किया, जिसमें 13 प्रभावशाली नामांकन थे। संगीतमय अपराध नाटक ने गोल्डन ग्लोब, बाफ्टा और क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स सहित हर प्रमुख पुरस्कार समारोह में इस श्रेणी में जीत हासिल की। हालांकि, ब्राज़ील की आई एम स्टिल हियर ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर श्रेणी में विजयी हुई।

स्ट ओरिजिनल सॉन्ग (द जर्नी फ्रॉम सिक्स ट्रिपल एट) के लिए अपने 16वें नामांकन के साथ, डायने वॉरेन आखिरकार ऑस्कर में ट्रॉफी उठाने के लिए तैयार दिखीं। लेकिन एक बार फिर, वह खाली हाथ घर लौटीं और एमिलिया पेरेज़ की एल माल से हार गईं।



# बीसीबी निदेशक ने फिल सिमंस को मुख्य कोच के रूप में बनाए रखने का किया समर्थन

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक नजमुल आबेदीन फहीम ने फिल सिमंस को बांग्लादेश टीम के मुख्य कोच के रूप में बनाए रखने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड जल्द ही सिमंस के साथ औपचारिक बातचीत करेगा और उन्हें लंबे समय के लिए इस भूमिका में बनाए रखने की कोशिश करेगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार,सोमवार को ढाका में हुई बोर्ड बैठक में सिमंस के अनुबंध विस्तार सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सिमंस को पिछले साल अक्टूबर में अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके चार महीने के कार्यकाल में बांग्लादेश ने केवल एक टी20 श्रृंखला में 3-0 की जीत। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे बांग्लादेश टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गया। बावजूद इसके, बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद और निदेशक फहीम दोनों ने सिमंस को समर्थन दिया है। फहीम ने कहा, 'हमारे मुख्य कोच और वरिष्ठ सहायक कोच का अनुबंध मार्च के मध्य तक था। हम उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, इसलिए हम उनके साथ फिर से बातचीत करेंगे। यदि आपसी सहमति नहीं बनती है, तो हमें अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा। लेकिन हमें उम्मीद है कि हम उनके साथ समझौते पर पहुंच जाएंगे। हमारा लक्ष्य उनका अनुबंध 2027 विश्व कप तक बढ़ाना है।' बीसीबी ने वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सालाउद्दीन के अनुबंध को भी बढ़ाने का फैसला किया है, जिन्हें पिछले नवंबर में अल्पकालिक आधार पर नियुक्त किया गया था। बीसीबी के अनुसार, सिमंस और सालाउद्दीन के बीच अच्छा तालमेल होने के कारण उनके अनुबंध को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, बोर्ड ने स्पिन गेंदबाजी कोच मुश्ताक अहमद के अनुबंध को भी बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही, चयनकर्ता हन्नान सरकार के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया है। फहीम ने बताया कि बीसीबी सीनियर टीम और हाई परफॉर्मेंस यूनिट की फील्डिंग में सुधार लाने के लिए भी प्रयास कर रहा है और इसके लिए कई फील्डिंग कोचों से बातचीत चल रही है।



सीरीज जीती-वेस्टइंडीज के खिलाफ

# लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की प्रारंभिक टीम में शामिल, मार्कोस अकुना बाहर

एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स।** इंटर मियामी के स्टार फॉरवर्ड लियोनेल मेसी को इस महीने उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना की 33 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूची में मैनचेस्टर सिटी के युवा मिडफील्डर क्लाउडियो एकेवेरी और बोलोग्ना के स्ट्राइकर सैंटियागो कास्त्रो को भी पहली बार जगह मिली है। हालांकि, रिवर प्लेट के डिफेंडर मार्कोस अकुना को खराब प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है। अर्जेंटीना की टीम 21 मार्च को मोंटेवीडियो में उरुग्वे और 25 मार्च को ब्यूनस आयर्स में ब्राजील का सामना करेगी। वर्तमान में, अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि उरुग्वे 20 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।



# हिमाचल में ताजा बर्फबारी से कई सड़कें बंद

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी और बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और चंबा के ऊपरी इलाकों में मंगलवार सुबह से बर्फबारी जारी है, जबकि निचले क्षेत्रों में कहीं-कहीं बारिश हो रही है। बर्फबारी से शिमला-रामपुर नेशनल हाईवे-5 नारकंडा में अवरुद्ध है जिससे वाहनों को वाया सुन्नी-सैंज होकर भेजा जा रहा है। लाहौल-स्पीति में भी रुक-रुक कर बर्फ गिर रही है तथा वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज रात तक बर्फबारी का दौर जारी रह सकता है जबकि बुधवार से अगले चार दिन तक मौसम साफ रहने से राहत मिलेगी।



### प्रशासन अलर्ट मोड में, पर्यटकों को सतर्क रहने की अपील

प्रशासन ने मौसम की स्थिति को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफर करने वाले पर्यटकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम विभाग की ताजा जानकारी के अनुसार ही यात्रा करें। बर्फबारी के कारण सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में जुटा हुआ है। सड़कें बहाल करने के लिए मशीनरी लगाई गई है और बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बर्फबारी से 300 सड़कें अवरुद्ध 400 बिजली ट्रांसफार्मर ठप

**बर्फबारी** के कारण प्रदेशभर में 300 सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं, जिससे ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा और शिमला जिलों में कई सड़कें बंद पड़ी हैं। मनाली-लेह और आनी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर भी यातायात ठप हो गया है। इसके अलावा करीब 400 बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। प्रशासन बंद पड़े मार्गों को बहाल करने के प्रयास में जुटा हुआ है, लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी से कार्य में कठिनाई आ रही है।

### शीतलहर तेज, चार स्थानों पर तापमान माइनस में

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी बर्फबारी दर्ज की गई है। कोठी में 33 सेंटीमीटर, केलंग में 20 सेंटीमीटर, कुकुमसेरी में 16 सेंटीमीटर, रोहतांग जोत में 6 सेंटीमीटर, कल्पा में 5 सेंटीमीटर और सांगला में 4 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। मौसम के तेवरों से प्रदेश में शीतलहर तेज हो गई है और न्यूनतम तापमान में औसतन 0.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। कई स्थानों पर पारा माइनस में पहुंच गया है। कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान −5.2 डिग्री, ताबो में −4.5 डिग्री, केलंग में −4.4 डिग्री, कल्पा में −1.2 डिग्री, मनाली में 0.2 डिग्री और शिमला में 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### आज बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट, कल से राहत

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में बारिश और बर्फबारी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी रहेगी, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश होगी। हालांकि 5 से 8 मार्च तक मौसम साफ रहने की संभावना जताई गई है। इसके बाद 9 और 10 मार्च को फिर से मौसम खराब होगा और प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी देखने को मिलेगी।

### लाहौल स्पीति और पांगी में बोर्ड परीक्षाएं स्थगित

जनजातीय क्षेत्रों लाहौल−स्पीति और पांगी में बर्फबारी के कारण आठ मार्च तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण सड़कें व रास्ते बंद होने से विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे सरकार ने परीक्षाओं को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## सपा कार्यकर्ता की धारदार हथियार से हत्या

**उत्तर प्रदेश, जौनपुर ।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के परियावा गांव में सोमवार की रात सपा कार्यकर्ता का सुनसान जगह पर शव मिला। गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। जानकारी मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परियावा गांव निवासी राजेश यादव नाटे (50) दूध बेचने का काम करते थे। साथ ही सपा कार्यकर्ता के तौर पर भी सक्रिय थे। सोमवार की देर रात उनका शव गांव के ही टेलीफोन टावर के पास सड़क के किनारे मिला। गला धारदार हथियार से काटा गया था। तत्काल इसकी सूचना परिजनों व लाइन बाजार पुलिस को दी। मौके पर एडिशनल एसपी सिटी अरविंद कुमार वर्मा व तमाम अधिकारी पहुंच गए। लोगों से पूछताछ की। घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। कोई पुरानी रंजिश तो कोई राजनीतिक वर्चस्व की बात कर रहा है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एडिशनल एसपी सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि हत्या की सूचना मिली है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत कल से बिहार के पांच दिवसीय प्रवास पर

**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत बिहार के पांच दिवसीय प्रवास पर कल पटना पहुंचेंगे। वो यहां से पूर्व विभाग संघचालक एवं विश्व संवाद केंद्र के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत प्रकाश नारायण सिंह उपाख्य छोटे बाबू के घर जाएंगे। उनके परिजनों से मिलकर रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर स्थित संघ कार्यालय में करेंगे। संघ प्रमुख छह मार्च को सुबह वीरपुर, सुपौल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर के भवन का उद्घाटन करेंगे। सात, आठ और नौ मार्च को मुजफ्फरपुर में कार्यकताओं की बैठक में रहेंगे। नौ मार्च को नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



राजद विधायक मुकेश रोशन बजट के खिलाफ विधानसभा में झुनझुना लेकर प्रदर्शन करते

## अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी तरह की सैन्य सहायता रोकी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई तकरार का बड़ा परिणाम सामने आ गया। व्हाइट हाउस ने बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जा रही सभी प्रकार की अमेरिकी सैन्य सहायता पर प्रतिबंध लगा दिया है। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य सहायता के शिपमेंट पर तत्काल रोक लगाने का आदेश दिया है।

सीएनएन की खबर के अनुसार, पिछले हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने यह आदेश जारी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि उनका ध्यान शांति पर केंद्रित है। यूक्रेन को भी इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है।



व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति के आदेश के बाद यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोकी जा रही है। अधिकारियों और विश्लेषकों ने कहा कि इस फैसले का बड़ा असर यूक्रेन पर पड़ेगा। इससे यूक्रेन की युद्ध लड़ने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि यह प्रतिबंध तब तक कायम रहेगा जब तक जेलेंस्की शांति वार्ता समझौते के लिए तैयार नहीं होते। हालांकि वाशिंगटन और कीव के बीच खुली दुश्मनी के बावजूद कई यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को सहयोग करने का वादा किया है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने कहा कि यूक्रेन को तत्काल तो नहीं लेकिन इस रोक का प्रभाव दो से चार महीनों के भीतर महसूस होगा। यूरोपीय देशों की सहायता से कीव को अभी लड़ाई में बने रहने में मदद मिलेगी। आखिर में यूक्रेन को एक प्रतिकूल शांति समझौता स्वीकार करना ही होगा।

## मणिपुर में हथियारों और विस्फोटकों का समर्पण जारी

एजेंसी

**इम्फाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील पर हथियारों और विस्फोटकों का स्वैच्छिक समर्पण जारी है। पुलिस ने आज बताया कि चुराचांदपुर, थौबल, इम्फाल ईस्ट, इम्फाल वेस्ट और बिष्णुपुर जिलों में लोगों द्वारा कुल 33 प्रकार के विभिन्न हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामग्रियां स्वेच्छा से जमा कराए गए। चुराचांदपुर जिले के चुराचांदपुर थाना क्षेत्र में लोगों ने दो डबल बैरल गन, एक .303 राइफल, एक एसएलआर राइफल 7.62 मिमी, एक एम4ए4 कार्बाइन (अमेरिकी सरकार की संपत्ति), एक स्थानीय स्टेन गन, तीन स्थानीय पंपी गन, तीन वॉकी-टॉकी सेट, चार मैगजीन पाउच, नौ .303 राइफल के जिंदा कारतूस और दो स्थानीय हथगोले सहित अन्य हथियार जमा कराए।

थौबल जिले के तृतीय आईआरबी खंगाबोक और एसपी थौबल कार्यालय में एक इटली निर्मित 9 मिमी पिस्तौल, एक देसी 9 मिमी पिस्तौल, एक .32 पिस्तौल, इंसास एलएमजी और इंसास राइफल की मैगजीन, तीन 36 हैंड ग्रेनेड, एक ड्रोन बम, एक ट्यूब लॉन्चर, दो स्टन ग्रेनेड, सात बुलेटप्रूफ जैकेट, छह बुलेटप्रूफ प्लेटें, एक दंगा ढाल, हेलमेट, वॉकी-टॉकी सेट, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद सहित अन्य सुरक्षा उपकरण जमा कराए गए।

इम्फाल ईस्ट जिले के हेंगांग, यिंगांगपोकी और पोरम्पट थानों में एक 9 मिमी पिस्तौल, इंसास राइफल की मैगजीन और कारतूस, एक मोर्टार बम 81 मिमी, चार पंपी बम, पांच स्टन ग्रेनेड, एक धूम्र बम, दस 7.62 मिमी कारतूस, दो बुलेटप्रूफ जैकेट और दो फाइबर प्लेटें समर्पित की गईं। इम्फाल वेस्ट जिले के लाम्फेल थाना में दो .303 राइफल, दो .32 देसी पिस्तौल, एक 36 एचई ग्रेनेड, पांच ट्यूब लॉन्चर और 12 बोर गोला-बारूद जमा कराए गए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म आरोपी के खिलाफ एफआईआर

**शिमला।** जिला शिमला के उपमंडल रोहड़ू में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और फिर शादी से इनकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रोहड़ू थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आरोपी साहिल को कई वर्षों से जानती थी। दोनों के बीच मित्रता थी जो समय के साथ घनिष्ठ संबंधों में बदल गई। युवती का आरोप है कि इस दौरान साहिल ने उससे शादी करने का वादा किया और इसी बहाने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन जब उसने शादी की बात कही, तो आरोपी ने मना कर दिया। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने साहिल पर शादी का दबाव बनाया तो उसने धमकी दी और चुप रहने के लिए मजबूर करने की कोशिश की। डर और मानसिक तनाव के चलते वह चुप रही लेकिन जब हालात बिगड़ने लगे तो उसने पुलिस से मदद लेने का फैसला किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 61, 69 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। रोहड़ू पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस मामले की शुरूआती जांच में आरोपी पर लगे आरोपों की पुष्टि के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके।

### मुंबई के पूर्व क्रिकेटर पद्माकर शिवलकर का निधन

**मुंबई।** मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर पद्माकर शिवलकर का 3 मार्च (सोमवार) को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने मुंबई के लिए 20 वर्षों तक क्रिकेट खेला, लेकिन भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके, क्योंकि उसी दौर में बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गज स्पिनर टीम का हिस्सा थे। बेदी ने भारतीय क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से विशेष



पहचान बनाई। शिवलकर के निधन पर क्रिकेट जगत ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ﹠यह वास्तव में दुखद खबर है। कम समय में मुंबई क्रिकेट ने मिलिंद और अब पद्माकर जैसे दो महान खिलाड़ियों को खो दिया, जिन्होंने कई जीतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।﹠ गावस्कर ने अपनी किताब 'आइडल्स' में शिवलकर को अपने आदर्श खिलाड़ियों में शामिल किया था। 1961/62 सीजन में 21 वर्ष की उम्र में अपना प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर शुरू करने वाले शिवलकर ने 1987/88 सीजन तक मुंबई के लिए खेलते हुए 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने 42 बार पारी में पांच और 13 बार मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। 1972/73 रणजी ट्रॉफी फाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ उन्होंने 8/16 और 5/18 का बेहतरीन प्रदर्शन कर मुंबई को लगातार 15वीं बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया। पद्माकर शिवलकर सर का खेल में योगदान, खासकर एक शानदार स्पिनर के रूप में, हमेशा याद किया जाएगा। उनकी प्रतिबद्धता, कौशल और मुंबई क्रिकेट पर उनकी छाप अतुलनीय है। उनका निधन क्रिकेट जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी आत्मा को शांति मिले।' घरेलू क्रिकेट में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए शिवलकर को 2016 में सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

### ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशियाई बाजारों में भी गिरावट का रुख

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र में बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। दूसरी ओर, एशियाई बाजारों में आज कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। टैरिफ वॉर की चिंता में अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के अनुसार अमेरिका में मेक्सिको और कनाडा पर आज से 25 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। इसके साथ ही चीन पर भी आज से 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू हो गया है। दूसरी ओर, कनाडा ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए 107 बिलीयन डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। टैरिफ वॉर की वजह से अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गए। टेक शेयरों में जोरदार बिकवाली दर्ज की गई। डाउ जॉन्स 650 अंक की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 104.78 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,849.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 500.96 अंक यानी 2.66 प्रतिशत टूट कर 18,346.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,248.76 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका के विपरीत यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,871.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव

# सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में भी आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होता हुआ नजर आया, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टाटा



मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयर 3.01 प्रतिशत से लेकर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, नेस्ले, इंफोसिस, टाइटन कंपनी और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 2.73 प्रतिशत से लेकर 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,487 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,825 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 662 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 268.60 अंक की कमजोरी के साथ 72,817.34 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण कुछ ही देर में ये सूचकांक लुढ़क कर 72,633.54 अंक तक गिर गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने से इस सूचकांक के चाल में सुधार होने लगा। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक ये सूचकांक उछल कर 73,008.41 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 241.20 अंक टूट कर 72,844.74 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 144.85 अंक की कमजोरी के साथ 21,974.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने रिकवरी शुरू कर दी। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक उछल कर 22,091.05 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 68.10 अंक की गिरावट के साथ 22,051.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 112.16 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73,085.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 5.40 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## सराफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार सोना और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातु आज सोमवार के भाव पर ही कारोबार कर रही हैं। भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 86,610 रुपये से लेकर 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,390 रुपये से लेकर 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी में भी सपाट कारोबार होने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सराफा बाजार में 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24




कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### झामुमो जिला प्रमुख के पहल पर लाभुक को मिला मुआवजा

**ठेठईटांगर :** झामुमो जिला संयोजक प्रमुख सिमडेगा अनिल कंडुलना ने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जोराम पंचायत के जामपानी कुसुमटोली निवासी स्वङ्ग अनिता किरण बिलुंग के परिवार को वन विभाग से मुआवजा राशि दिलाया , जिसे विगत दिनों हाथी द्वारा कुचल दिया गया था और उनकी मृत्यु हो गई थी। साथ ही ठेठाईटांगर प्रखंड अंतर्गत राजाबासा पंचायत के कोंडेदेगा निवासी आशा केरकेट्टा को भी मुआवजा राशि दिलाया गया, जिसे विगत दिनों हाथी द्वारा आशा केरकेट्टा के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। दोनों ही परिवार के लोगों ने अनिल कांडुलना एवं उनके सहयोगियों का , और वन विभाग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झामुमो जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, और पूर्व जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो उपस्थित थे।

### पंचायती राज विभाग की बैठक डीसी ने दिए कई निर्देश



**सिमडेगाः** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने पंचायती राज विभाग के साथ बैठक करते हुए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की जानकारी ली। टाईट एंड अनटाइड मद में ग्राम सभा के माध्यम से व पंचायती समिति द्वारा लिए गए योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिस प्रखंड व पंचायत द्वारा टाइड एवं अनटाइड मद में राशि की खर्च नहीं किया गया। वैसे पंचायतों में ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन कर धरातल पर क्रियान्वयन करते हुए राशि की खर्च सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा समीक्षा के दौरान जिला परिषद अंतर्गत बने कोलेबिरा और बांसजोर प्रखंड में नव निर्मित बस स्टैंड को जल्द संचालित करने का निर्देश दिया है। बेस्ट स्टैंड में बने दुकानों को आवंटन करने हेतु पत्राचार करने का निर्देश दिया। साथ ही बानो प्रखंड में नए बस स्टैंड का प्रस्ताव विभाग को भेजी गई है जिसका विभाग से फ़्लॉप करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने जिला परिषद अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का निमार्ण कार्य को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, पंचायती राज पदाधिकारी श्री दयानंद कार्जी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### एमटीएमएच में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर शुरू, कैंसर मरीजों को मिलेगी सर्जरी की सुविधा



**जमशेदपुर :** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की जयंती के अवसर पर मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल (एमटीएमएच) में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर की शुरूआत की गयी। इस नयी सुविधा के साथ अब कैंसर मरीजों के लिए सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे मरीजों को बड़े शहरों में रेफर होने की आवश्यकता नहीं होगी और बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो पायेगा। एमटीएमएच में हर साल करीब 30 हजार मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिनमें से 11 हजार से अधिक भर्ती किये जाते हैं। वहीं, सालाना करीब चार हजार नये कैंसर मरीज झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और नेपाल समेत आसपास के क्षेत्रों से इलाज के लिए आते हैं। ऑपरेशन थियेटर की शुरूआत से इन मरीजों को सर्जरी की सुविधा का बड़ा लाभ मिलेगा।

अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, मरीजों की संख्या को देखते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की संख्या दोगुनी की गयी है। इसके साथ ही आठ विशेषज्ञ कंसल्टेंट अब ओपीडी में सेवाएं देंगे। अस्पताल ने कैंसर रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) का प्रोग्राम भी अपनाया है।

आज स्पाइन क्लिनिक और स्ट्रोक यूनिट की होगी शुरूआत

इधर, टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में मंगलवार से स्पाइन क्लिनिक और स्ट्रोक यूनिट की शुरूआत की जा रही है। स्पाइन क्लिनिक में रीढ़ की हड्डी से जुड़ी बीमारियों का इलाज विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा, जबकि स्ट्रोक यूनिट में पक्षाघात से पीड़ित मरीजों को तुरंत उपचार देने की व्यवस्था की गयी है। इन नयी यूनिट्स के शुरू होने से गंभीर बीमारियों के इलाज में शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### जमशेदपुर कोर्ट में वकीलों ने जेएन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील व जमशेदपुर शहर के संस्थापक स्व। जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 186वीं जयंती पर मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में वकीलों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन दास, तापस मित्रा, सुधीर कुमार पप्पू, प्रकाश झा, बोलाई पांडा, पीएन गोप, सुशील कुमार जायसवाल, जगत विजय सिंह, देवेंद्र सिंह समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।सुधीर पप्पू ने कहा कि आज भारत सशक्त राष्ट्र के रूप में पहचान बना चुका है, जिसका श्रेय जमशेदजी टाटा को जाता है। उन्होंने उद्योगों की स्थापना कर मजबूत आर्थिक भारत की नींव रखी और जमशेदपुर जैसे सुंदर शहर का निर्माण किया।

### सरेंडर कर चुके तीन नक्सलियों को मिला भूमि बंदोबस्ती का पर्चा

**लातेहारः** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नयी दिशा से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने वाले तीन नक?सलियों को जमीन बंदोबस्ती का पर्चा दिया गया। सोमवार को बरवाडीह सीओ मनोज कुमार एवं छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह की उपस्थिति में गृह निर्माण के लिए आवंटित भूमि का बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया। सीओ ने बताया कि यह भूमि सरकार के निर्देश पर आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत दिया गया है। सीओ ने बताया कि सोमवार को बरवाडीह अंचल के तीन लोगों को भूमि बंदोबस्ती पर्चा दिया गया है।

# चतरा जिला के लोकप्रिय उपायुक्त रमेश घोलप के पदस्थापन काल के 1 वर्ष हुए पूर्ण

**बिनय मिश्रा**



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले क्षेत्र के उपायुक्त रमेश घोलप ने आज ही के दिन 4 मार्च 2024 को 38 वें उपायुक्त के रूप में तत्कालीन उपायुक्त अब्बू इमरान से पदभार ग्रहण किया था, श्री घोलप ने अपने पदस्थापना काल के महज एकवर्ष में ही चतरा जिला को बेहतर और उत्कृष्ट जिला बनाने में सफल रहे हैं, अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में कभी नक्सल प्रभावित जिला के रूप में चिन्हित रहने वाला चतरा जिला को उन्होंने विकास कार्यों से भरपूर गति देने के साथ-साथ जिला का बेहतर विकास भी किया है, जनता दरबार के माध्यम से लोगों की पीड़ा और व्यथा जानने के साथ-साथ तत्क्षण उसका समाधान भी उपायुक्त की कार्यशैली में शामिल है, यही नहीं चतरा जिला में पदस्थापना काल के पश्चात लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव भी उन्होंने काफी बेहतर ढंग से शांतिपूर्वक तरीके से कराने में सफल रहे, जिसके फल स्वरुप झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि कुमार ने उनके कार्यों को काफी सराहा, इसके अलावा उन्होंने राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित होने वाले इटखोरी महोत्सव को बेहतर विधि व्यवस्था और उत्कृष्ट कार्यक्रम से पूरे राज्य को गौरवावतित भी किया, इस कार्यक्रम में नाम चीन हस्तियों ने शिरकत कर झारखंड राज्य को काफी प्रसिद्ध भी दिलाई, इस प्रकार से कहा जा सकता है की चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप ने अपने पदस्थापना काल के महज एकवर्ष में ही चतरा जिला को काफी उत्कृष्ट और बेहतर जिला बनाने में सफल रहे हैं, ऐसे आई ए एस अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और राज्य दोनों हर्षित होते हैं, ऐसे उपायुक्त पर निश्चित तौर पर राज्य को भी गर्व है।

# डोमजूडी गांव में बीती रात हाथियों ने मचाया उत्पात, घरों और धान को किया नष्ट



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के डोमजूडी गांव में बीती रात हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। भूख मिटाने के लिए हाथी माझी टोला पहुंचे और महेश्वर मुर्मू के घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और सभी धान को चट कर गये।

रास बिहारी दास की मिट्टी की चारदीवारी भी तोड़ दी और जिला परिषद सदस्य हिरण्य दास के लोहे के गेट को तोड़कर हाथी उनके घर में घुस गये। हिरण्य दास ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

भागने के क्रम में हाथी सीमेंट की दीवार को तोड़ते हुए सोलर पावर प्लांट होते हुए जमशेदपुर प्रखंड के खैरबानी में प्रवेश कर गये। इधर पीड़ित परिवार महेश्वर मुर्मू व जिला परिषद हिरण्य दास ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति देने की मांग की है।

मुखिया अनीता मुर्मू की पहल परवन विभाग सक्रिय

इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गयी है। घटना की सूचना पाकर डोमजूडी पंचायत की मुखिया अनीता मुर्मू ने डीएफओ आलम अंसारी और जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल से संपर्क किया। इसके बाद मानगो वन क्षेत्र के वनकर्मी रात में ही हरकत में आये और हाथियों के रूट पर नजर रखने लगे। जब हाथी वहां से चले तो वन विभाग ने राहत की सास ली।

रेंजर दिग्विजय सिंह से संपर्क में कठिनाई

जिला परिषद सदस्य हिरण्य दास ने कहा कि हाथियों के प्रवेश को रोकने और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए मानगो वन क्षेत्र के रेंजर दिग्विजय सिंह से रात भर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन एक बार भी उनसे संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने इस स्थिति को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस बाबत पूछे जाने पर रेंजर दिग्विजय सिंह ने कहा कि वे क्षेत्र से बाहर हैं और हाथियों की स्थिति से अनभिज्ञ हैं।

पीड़ित परिवार ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की

तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से सटा गांव तालसा में उत्पात मचाने के बाद हाथियों ने खुखड़ाडीह गांव होते हुए डोमजूडी में प्रवेश किया। यहां एक घर की खिड़की तोड़कर महेश्वर मुर्मू के दो बोरा धान समेत आंगन का धान चट कर दिया।

### शिविर लगा जमीन विवादों का किया गया निबटारा

**सरायकेला :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तिरूलडीह थाना परिसर में सोमवार को शिविर लगाकर जमीन संबंधित विवादों का निबटारा किया गया। शिविर में जमीन विवाद से संबंधित 28 आवेदन आए। कुकडू अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान व थाना प्रभारी अविनाश कुमार की अगुवाई में आयोजित शिविर में कई विवादों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में से कुछ मामलों का शिविर में ही समाधान कर दिया गया। साथ ही जमीन की मापी से संबंधित मामलों में जमीन मापी के लिए तिथि तय कर दी गई है। बाकी बचे मामलों का बहुत जल्द निबटारा कर दिया जाएगा। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि लोगों को थाना और अंचल कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

# टाटा स्टील के इ ब्लास्ट फर्नेस में धमाका



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के इ ब्लास्ट फर्नेस में पिछला हुआ लोहा टूयर लेवल से बाहर निकलने के कारण धमाका हो गया। हालांकि सेफ्टी प्रोटोकॉल के कारण किसी जानमाल की हानि तो नहीं हुई लेकिन उत्पादन पर असर पड़ा है। घटना सुबह 9 ।30 बजे की है। ई ब्लास्ट फर्नेस में शटडाउन लिया गया था। शटडाउन के बाद फर्नेस को पूर्व की स्थिति (रिभाइव) नहीं आने की वजह से पिछला हुआ लोहा (मोल्टेन आयरन) दवाब के बाद टूयर लेबल से बाहर निकल गया। बताया जाता है कि करीब 50 टन पिछला लोहा के बाहर वातावरण में आने के कारण कई धमाके की आवाज हुई। लोग भागकर अपनी जान बचाया। इस धमाके से केबिन के शीशे टूट गये। तत्काल दमकल की 5 गाड़ियां वहां पहुंचकर धमाके पर काबू पाया। किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई लेकिन फर्नेस से उत्पादन ठप हो गया। फर्नेस के जानकारों ने बताया कि फिर से फर्नेस को चालू करने में 30 दिन लगेंगे। इस फर्नेस से प्रतिदिन 1500 टन उत्पादन होता है।

# डीसी ने सोबरन माझी राज्य पुस्तकालय का निरीक्षण किया



**बिनय मिश्रा**

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी व पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर के द्वारा संयुक्त रूप से उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार मीणा व जिला शिक्षा अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार एवं अन्य की उपस्थिति में शिक्षा विभाग के माध्यम से चाईबासा शहर में संचालित सोबरन माझी राज्य पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा पुस्तकालय के समस्त परिसर का भ्रमण कर आधारभूत संरचना से संबंधित विविध जानकारी प्राप्त की गई, तत्पश्चात पुस्तकालय भवन के भीतर पुस्तक संग्रह सभागार, पठन सभागार सहित उपलब्ध सभी संसाधनों व उनका प्रयोग आदि का अवलोकन किया गया। अवलोकन के क्रम में उपायुक्त के द्वारा पुस्तकालय में संग्रहित विविध पुस्तकों आदि, साथ ही पुस्तकालय में अध्ययन हेतु आने वाले छात्र-छात्राओं आदि की संख्या से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की गई।

# विधायक सबिता महतो की बेटी की शादी में शामिल हुए सीएम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुरः** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईचागढ़ विधायक सबिता महतो की बेटी स्नेहा महतो की शादी में शामिल होने के लिए कदमा उलियान पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। साथ ही बजट पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो की बेटी स्नेहा महतो को आशीर्वाद देने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमशेदपुर पहुंचे। आपको बता दें कि स्नेहा महतो की मां सबिता महतो ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक हैं। विधायक की बेटी स्नेहा महतो की शादी हो रही है।

इस मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक सबिता महतो के कदमा उलियान स्थित आवास पहुंचे और दुल्हन स्नेहा महतो को आशीर्वाद दिया। इस दौरान झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई नेता भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हम बजट में करीब 62000 करोड़ खर्च कर रहे हैं। बिना किसी बोझ वाला यह बजट सबसे अच्छा बजट है। हम मंईयां सम्मान योजना चला रहे हैं। यह बजट लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाएगा। उन्होंने कहा कि हम विधायक सविता महतो और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय सुधीर महतो की बेटी की शादी में शामिल होने आए हैं। हमने उन्हें आशीर्वाद दिया है कि वर-वधू दोनों का जीवन सुखमय हो।

# जिले के युवाओं के हुनर को देखते हुए कार्ययोजना बनाएं : चौधरी

**जमशेदपुर :** जिला कौशल समिति की बैठक आईटीडीए के परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार परक प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए रोजगार से जोड़ने के लिए कहा गया। परियोजना निदेशक ने कहा कि सरकार की योजनाएं न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। कौशल विकास योजना का लक्ष्य उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कौशल विकास योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने हेतु कार्ययोजना और अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं के हुनर को देखते हुए कार्ययोजना बनाएं एवं उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करें। साथ ही रोजगार मेला के माध्यम से युवाओं को नियोजित किए जाने के निर्देश दिए।

दीपांकर चौधरी ने कौशल विकास प्लान 2045-25 को तैयार करने एवं इसके क्रियान्वयन को लेकर समुचित निर्देश दिये। उन्होंने यहां की स्थानीय जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण के लिए नए सेक्टर, जॉब रोल के चयन को लेकर विमर्श किया। बैठक में नियोजन पदाधिकारी, ट्रेनिंग पार्टनर व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# चतरा के बड़कीटांड़ गांव के लोग आज भी नदी और तालाब का दूषित पानी पीने को विवश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** जिले की कबरा पंचायत के बड़कीटांड़ गांव में आजादी के 77 वर्ष बाद भी पेयजल की सुविधा नहीं है। लिहाजा गांव के ग्रामीण नदी, तालाब और कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। जिला मुख्यालय से तकरीबन 42 किलोमीटर और प्रखंड मुख्यालय से तकरीबन 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कबरा पंचायत के बड़कीटांड गांव की आबादी लगभग 150 है। गांव में दलित समुदाय के लोग निवास करते हैं। गांव में वर्षों पहले पेयजल की व्यवस्था के लिए एक चापानल लगवाया गया था, लेकिन चापानल पिछले एक-दो वर्षों से खराब पड़ा है। इस कारण गांव के ग्रामीण नदी, कुएं और तालाब का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। सुबह से ही नदी और तालाबों के पास पानी भरने के लिए गांव की महिलाओं की भीड़ लग जाती है। महिलाएं सिर पर पानी ढोकर लाती हैं।

गांव की महिलाओं ने बताया कि सरकार और प्रशासन ने पेयजल की सुविधा मुहैया कराने के लिए अब तक कोई पहल नहीं की है। गांव के लोग नदी और तालाबों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। दूषित पानी पीने के कारण गांव में आए दिन लोग बीमार हो जाते हैं। साथ ही पानी ढोने में भी परेशानी होती है। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि समस्या का समाधान कराने का वादा करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई झांकने तक नहीं आता है।

आपको बता दें कि कबरा पंचायत और गांव के चंद किलोमीटर की दूरी पर सीसीएल के द्वारा रेलवे साइडिंग संचालित किया जाता है।



साथ ही पास में ही कई कोल परियोजनाएं भी चल रही हैं, लेकिन बड़कीटांड़ गांव की समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। केन्द्र और राज्य सरकार हर महीने करोड़ों और अरबों रुपये का मुनाफा कमा रही है।

गांव की महिलाएं बताती हैं कि पंचायत में रेलवे साइडिंग खुलने के बाद मूलभूत सुविधाओं के बहाल होने की आस जगी थी, लेकिन न तो गांव में अब तक मूलभूत सुविधाएं बहाल हो पाई और न ही गांव के बेरोजगार युवाओं को रोजगार नसीब हुआ। लिहाजा मजबूर होकर गांव के ग्रामीण नदी और कुंए का दूषित पानी पीकर अपना गुजारा कर रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि अब तक जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कोई पहल नहीं की। आज भी यहां के ग्रामीण प्रशासन की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। वहीं मामले को लेकर जब ईटीवी भारत ने टंडवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। ऑफ कैमरा उन्होंने कहा कि गांव में व्याप्त समस्या को लेकर पंचायत सचिव को जांच के लिए भेजा जाएगा और समस्या का समाधान कराया जाएगा। बहरहाल, अब देखना होगा कि बड़कीटांड़ गांव में व्याप्त पेयजल की समस्या पर जिला प्रशासन की नजर कब तक पड़ती है और कब तक यहां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब हो पाता है।